


नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 136 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 22 मार्च 2023







पेज -4 पर मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का हुआ शुभारंभ

बिहान योजना के कर्मचारी पहुंचे पुलिस कार्यालय पेज -7 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in





## श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

**चैत्र नवरात्र 2023 (22 मार्च से 30 मार्च 2023 तक)**

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये
कन्या छूट - 100/- रूपए

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, सोनू ठाकुर 9300321666, विजय यादव 9300848100 माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, नरेश पटेल शाहपुर 626535044, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, उद्धव साव, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


## एक नजर

### पुलिस माओवादियों के बीच मुठभेड़, एक महिला माओवादी ढेर, हथियार भी बरामद



**बीजापुर।** जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के कोरचोली और तोड़का के बीच जंगलों में मंगलवार 21 मार्च की सुबह 6.30 बजे के आस पास पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई है । इस मुठभेड़ में एक महिला माओवादी को जवानों ने मार गिराने में सफलता हासिल किया है । मिली जानकारी के अनुसार माओवादी कम्पनी 02 के कमांडर वेल्ला और गंगालूर एरिया कमेटी एसीएम दिनेश एवं अन्य की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी और एसटीएफ के जवान माओवादी विरोधी अभियान पर निकले हुए थे इसी दौरान सुबह 6.30 बजे के आसपास कोरचोली और तोड़का के जंगलों में पुलिस पार्टी की माओवादियों के साथ मुठभेड़ हो गई ।

राष्ट्रपति भवन में आज पद्म पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन.

# 106 लोगों का होगा सम्मान... छत्तीसगढ़ से 3 को पद्मश्री




**नई दिल्ली/रायपुर।** पद्म पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार 22 मार्च, 2023 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया है। शाम 6 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 6 पद्म विभूषण, 9 पद्म भूषण और 91 पद्मश्री के लिए चयनित विशिष्ट लोगों को सम्मान प्रदान करेंगी। जिनमें 19 पुरस्कार विजेता महिलाएं हैं। दिवंगत समाजवादी पार्टी संरक्षक मुलायम सिंह यादव और पश्चिम बंगाल के डॉ दिलीप महालनबीस को मरणोपरांत पद्म विभूषण सम्मान मिलेगा। इनके अलावा संगीतकार जाकिर हुसैन, बालकृष्ण दोसी, एसएम कृष्णा, श्रीनिवास वरधान को भी पद्म विभूषण से नवाजा जाएगा। वहीं, पद्म श्री की बात करें, तो आकाश एयरलाइंस शुरू करने वाले पूर्व शेयर ब्रोकर राकेश झुनझुनवाला को मरणोपरांत इस पुरस्कार से से सम्मानित किया गया। तो, बिहार के मशहूर कोचिंग संचालक गणित के विशेषज्ञ आनंद कुमार और बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन को भी पद्मश्री मिलेगा। छत्तीसगढ़ से इस बार तीन लोगों को पद्म श्री सम्मान हासिल होगा, जिनमें श्रीमती उषा बारले, डोमर सिंह कंवर और अजय कुमार मंडावी का नाम शामिल है। इन तीनों को ही कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू सम्मानित करेंगी।







# बेमौसम बारिश से फसल खराब होने पर विपक्ष लाया स्थगन प्रस्ताव

**अग्राह्य होते ही सरकार पर लगाया किसानों के मुद्दे पर चर्चा से भागने का आरोप**




**रायपुर।** विधानसभा में मंगलवार को शून्यकाल में बीजेपी ने बेमौसम बारिश से फसल खराब होने का मामला उठाते हुए स्थगन प्रस्ताव लाई. आसंदी ने विपक्ष के स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य किया, जिस पर विपक्ष ने सरकार पर किसानों के मुद्दे पर चर्चा से भागने का आरोप लगाया। सदन में राजस्व मंत्री ने बारिश और ओलावृष्टि से हुई नुकसान की जानकारी दी. बीजेपी विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि 18 और 19 मार्च को छग में बेमौसम बारिश हुई है और ओलावृष्टि भी हुई है. सब्जी की फसल बर्बाद हो गई है. इसमें स्थगन दिया है, ग्राह्य करके चर्चा कराई जाए. किसानों के 100 करोड़ के टमाटर खराब हो गए हैं. चना और गेहूं की फसल भी खराब हुई है. सरकार ने अब तक इस पर ध्यान नहीं दिया है. आसंदी ने स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य करते हुए कहा कि किसी न किसी रूप के इसमें चर्चा कराई जाएगी. स्थगन प्रस्ताव अस्वीकार होने के बाद विपक्ष ने कहा कि अपने आप को किसान हितैषी बताने वाली सरकार किसानों के मुद्दे पर चर्चा करने से भाग रही है. कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि हम चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन आसंदी ने व्यवस्था कर दी है तो किसी न किसी रूप में चर्चा होगी।

एकलव्य विद्यालय में स्वीकृत राशि के व्यय में खामी.....


## मंत्री के जवाब पर प्रतिपक्ष का वाकआउट

*रायपुर । विधानसभा के बजट सत्र में आदिम जाति विकास मंत्री ने जवाब में यह स्वीकार किया कि स्वीकृत राशि से की गई खरीदी में वित्त निर्देश एवं भंडार क्रय नियम का पूर्णतः पालन नहीं किया गया है । उन्होंने इसके लिए दोषियों पर की जा रही कार्यवाही के संबंध में भी सदन में जानकारी दी । इस मुद्दे पर प्रतिपक्ष के सदस्यों ने उन्हें प्रश्नों के घेरे में रखा और उनके जवाब से असंतोष जताते हुए बहिर्गमन कर अपना विरोध प्रकट किया । अपने मूल प्रश्न में डॉ कृष्णकांत बांधी ने राजनांदगांव एवं चौकी मोहला मानपुर जिले में संचालित एकलव्य विद्यालय में वर्ष 2020 -21 से 2022 -23 में 31 जनवरी 23 तक स्वीकृत राशि और उस से किये गए क्रय में वित्त निर्देश और भंडार क्रय नियम के अनुपालन के संबंध में प्रश्न पूछा था । जवाब में आदिम जाति विकास मंत्री डॉक्टर प्रेमसाय सिंह के काम में जानकारी दी कि प्रश्न पूछे गए अवधि में 917.95 लाभ स्वीकृत की गई । उन्होंने बताया कि स्वीकृत राशि अंतर्गत किए गए क्रय में वित्त निर्देश एवं भंडार क्रय नियमों का पूर्णता पालन नहीं किया गया है ।*

# 23 मार्च की छुट्टी की अधिसूचना जारी चेट्रीचंड पर सामान्य अवकाश पर मुहर

**बैंक खुले रहेंगे, रायपुर में मांस-मटन की दुकानों पर प्रतिबंध**


रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने चेट्रीचंड महोत्सव पर छुट्टी का ऐलान कर दिया है। इसके अलावा रायपुर नगर निगम ने भी 22 मार्च बुधवार को और 30 मार्च गुरुवार को रामनवमी के मौके पर शहर के सभी मांस मटन दुकानों को बंद रखने का आदेश दिया है।


छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
: मंत्रालय :
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर-492002
// अधिसूचना //


छुट्टी के नए आदेश मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार जारी किए गए हैं। एच्छिक अवकाश की अधिसूचना सामान्य प्रशासन ने जारी की है। अधिसूचना में विभाग की ओर से लिखा गया है कि 23 मार्च गुरुवार के दिन राज्य के समस्त नगर निगम नगर पालिका क्षेत्रों में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है । अधिसूचना में बताया गया है कि इस दिन बैंक खुले रहेंगे। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिय की छत्तीसगढ़ इकाई के आनंद कुकरेजा, ललित जैसिंघ, राम गिड़लानी, मर गिदवानी सभी ने इस पर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया।

### आदेश का पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई

दूसरी तरफ रायपुर निगम ने एक आदेश जारी किया है। इसमें 22 मार्च बुधवार को चेट्रीचंड एवं दिनांक 30 मार्च गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर मांस-मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। सभी पशुवध गृह एवं समस्त मांस मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है। किसी भी दुकान में मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जब्त करने की कार्रवाई की जायेगी और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।



अब स्काई वॉक के पक्ष में सुझाव समिति

# मूणत बोले-मेरी पूरी सुरक्षा हटा ली गई,जानबूझकर मुझे टारगेट किया,द्वेष के चलते रोका स्काई वॉक का काम

रायपुर। रायपुर में बने स्काई वॉक को लेकर कांग्रेस सरकार की बनाई दो कमेटियों ने करीब चार साल बाद अपनी रिपोर्ट दे दी है और दोनों ने ही स्काईवॉक को पूरा करने का सुझाव दिया है।



विधायक सत्यनारायण शर्मा की अध्यक्षता में बनी सामान्य सुझाव समिति ने अपनी फाइनल रिपोर्ट में कहा है कि स्काई वॉक को तोड़ना नहीं चाहिए, इससे लोकधन का नुकसान होगा।

अब इस मामले को लेकर पूर्व PWD मंत्री राजेश मूणत सामने आए। उन्होंने भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। मूणत ने कहा कि सत्यनारायण शर्मा की रिपोर्ट के बाद कांग्रेस को जवाब देना चाहिए कि जानबूझकर स्काई वॉक पर भ्रष्टाचार का हल्ला करते रहे। अब खुद इसे उपयोगी मान रहे हैं, अब सरकार को स्काई वॉक को निर्माण करना चाहिए। यदि निर्माण न हुआ तो भाजपा की सरकार प्रदेश में बनेगी वो इसे पूरा करेगी।

राजेश मूणत ने कहा कि मुझे जानबूझकर टारगेट किया जा रहा हे। पहला व्यक्ति हूं जिसकी पूरी सुरक्षा छीन ली गई दो महीने में, शराब बेचने वालों को सुविधा दी गई है। मैं फोटो जारी कर दूंगा, नाम का खुलासा कर दूंगा। जो लोग इस प्रदेश में अवैध शराब का धंधा चला रहे हैं।

पुलिस के संरक्षण में उन्हें सुरक्षा मिली है, पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर हैं। इस दौरान मूणत ने छ्ष्ठ कांड को लेकर कहा कि जल्द ही इसपर फैसला आएगा। दोषियों को सजा होगी। क्या सुरक्षा हटाए जाने के पीछे कोई साजिश है ये पूछे जाने पर राजेश मूणत ने कहा- ऊपर वाला बैठा है साजिश का ऐसा है कि हम तो सड़क छाप हैं, पहले भी सड़क पर घूमते थे आज भी घूमते हैं, जनता के बीच वाले हैं। हमें इससे फर्क नहीं पड़ता। हम इनकी नियत पर बात कर रहे हैं।

**योजना का वर्चुअल शुभारंभ..** **5 वर्षों में एक लाख 80 हजार एकड़ में 15 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य**

# 33 जिलों में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना शुरु

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर राज्य के सभी 33 जिलों के 42 स्थानों में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ किया। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देकर किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए शुरू की गई है।



बघेल ने विधानसभा परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष से योजना का ऑनलाइन शुभारंभ कर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ में वनों के संरक्षण-संवर्धन तथा हरियाली के प्रसार के लिए एक और महत्वपूर्ण योजना साबित होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस मौके पर वन संसाधन अधिकारों को लोगों तक सुगमता से पहुंचाने के लिए मोबाईल आधारित एफआरए टूल का लोकार्पण किया और वनोपज आधारित अर्थव्यवस्था को गति देने तथा व्यापारियों की सुविधा के लिए छत्तीसगढ़ में नेशनल ट्रांजिट पास सिस्टम का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने शहीद महेन्द्र कर्मा सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत 1458 हितग्राहियों के खाते में कुल 22 करोड़ रुपए की राशि का ऑनलाइन अंतरण किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा, संसदीय सचिव श्री शिशुपाल सोरी, चन्द्रदेव प्रसाद राय, विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, वन एवं जलवायु विभाग के प्रमुख सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री संजय शुक्ला भी उपस्थित थे।


### सकरी नदी पुनर्जीवन कार्यक्रम का शुभारंभ

*मुख्यमंत्री कार्यक्रम में कवर्धा जिले के सकरी नदी को संरक्षित करने तथा नदी का बहाव अपने पूर्ण क्षमता पर लाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण के माध्यम से सकरी नदी पुनर्जीवन कार्यक्रम की शुरूआत की। जिसके तहत वन एवं राजस्व भूमि में नदी तट वृक्षारोपण कार्य, निजी भूमि में मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना के अंतर्गत वृक्षारोपण, वन क्षेत्रों में नरवा योजना के अंतर्गत कैम्पा मद से जल एवं मृदा संरक्षण कार्य तथा राजस्व क्षेत्र में मनरेगा अंतर्गत रोपण एवं संरचानाओं का निर्माण किया जाएगा। इस एकीकृत परियोजना से कवर्धा जिले में किसानों को घरेलू उपयोग तथा कृषि के लिए सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के अपर प्रबंध संचालक श्री अनिल राय सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, फाउंडेशन फार इकोलॉजिक सिक्यूरटी स्टेट लीडर सुश्री नमिता मिश्रा और सीनियर प्रोग्राम मैनेजर डॉ. मंजीत बल भी उपस्थित थीं।*

रायपुर नगर निगम जारी करेगा 200 करोड़ के बॉन्ड

# महापौर ढेबर की घोषणा, निवेश करने वालों को मिलेगा ब्याज

रायपुर। रायपुर नगर निगम पहली बार 200 करोड़ रुपए के बॉन्ड जारी करेगा। साल 2023 का बजट पेश करते हुए यह ऐलान महापौर एजाज ढेबर ने किया है। छत्तीसगढ़ का पहला नगर निगम रायपुर ही होगा जो ऐसा करने जा रहा है।



200 करोड़ के बॉन्ड जारी करने के इस मामले को आसान शब्दों में ऐसे समझें कि लोगों का निवेश नगर निगम में होगा और इस निवेश के बदले नगर निगम लोगों को ब्याज देगा। इस पब्लिक इन्वेस्टमेंट की रकम को निगम शहर के विकास कार्यों में लगाएगा। रायपुर के लिये महापौर ढेबर ने 1 हजार 608 करोड़ का बजट पेश किया।

महापौर एजाज ढेबर ने दावा किया कि इससे नगर निगम की आय बढ़ेगी, लोगों को भी मुनाफा होगा। बॉन्ड के बदले नगर निगम तयशुदा समय में लोगों को ब्याज देगा। इसके अलावा तय रिटर्न्स भी दिए जाएंगे। बॉन्ड जारी करने वाले नगर निगमों में इससे पहले उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, मध्यप्रदेश के इंदौर शहर का नाम है।


# भारतीय बैंक मजबूत हैं, अमेरिकी अर्थव्यवस्था में उथलपुथल का हम पर प्रभाव नहीं पड़ेगा

अमेरिकी वित्तीय क्षेत्र में बैंकों पर भारी संकट आ गया है। अभी तक दो बैंक (सिलिकॉन वैली बैंक एवं सिग्नेचर बैंक) बंद हो चुके हैं और 6 अन्य छोटे आकार के बैंकों (फर्स्ट रिपब्लिक बैंक, वेस्टर्न अलाइन्स बैंक, पैकवेस्ट, यूएमबी फायनैन्शल सहित) पर गम्भीर संकट बना हुआ है। इन बैंकों में रोकड़ एवं तरलता की गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गई है एवं इनके पास अपने जमाकर्ताओं को भुगतान करने के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं है।

इन बैंकों के शेयरों की कीमत पूंजी बाजार में 14 से 30 प्रतिशत के बीच गिर चुकी है। एक आकलन के अनुसार अमेरिका के 160 बड़े बैंकों (जिनके पास 500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि की आस्तियां हैं) को 20,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। अमेरिका की रेटिंग संस्थाओं स्टैंडर्ड एंड पूअर्स एवं फिच ने कुछ बैंकों की रेटिंग घटाकर जंक श्रेणी में डाल दी है क्योंकि यह बैंक अपने जमाकर्ताओं को राशि वापस करने की स्थिति में नहीं हैं।

अमेरिका के सबसे बड़े बैंकों को भी भारी आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इनके अमेरिकी बांड्ज में किए गए निवेश की बाजार कीमत कम हो गई है। सिटी बैंक समूह को 4,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर, बैंक आफ अमेरिका को 2,120 करोड़ अमेरिकी डॉलर, जेपी मोर्गन चेज को 1,730 करोड़ अमेरिकी डॉलर, टरुइस्ट फायनैन्शल को 1,360 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वेल्ज फार्गो को 1,340 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं यूएस बैंक कॉर्प को 1,140 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। यह सभी बड़े बैंक हैं अत: इस नुक्सान को सहन कर जाएंगे परंतु छोटे बैंक तो असफल (फैल) ही हो जाने वाले हैं।

दरअसल, अमेरिकी बैंकों में समस्या वहां के केंद्रीय बैंक, यूएस फेड रिजर्व, द्वारा लगातार यूएस फेड रेट में की जा रही वृद्धि के चलते उत्पन्न हुई है। अमेरिका में समस्त बैंकों ने अमेरिकी बांड्ज में भारी भरकम निवेश किया हुआ है। पहले चूंकि अमेरिका में ब्याज दरें कम थीं अत: इन बांड्ज पर कूपन रेट (ब्याज दर) भी कम था और समय के साथ जैसे जैसे अमेरिका



स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि भारत में चूंकि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने पूर्व में ही कई निम्नलिखित निर्णय लिए हैं जिसके चलते भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति इस संदर्भ में बहुत सुदृढ़ हो गई है।

में ब्याज दरों का बढ़ना शुरू हुआ, नए बांड्ज बढ़ी हुई ब्याज दरों पर जारी किए जाने लगे। इसके कारण पुराने बांड्ज की बाजार कीमत कम होती चली गई क्योंकि इन बांड्ज पर कम ब्याज दर लागू थी। इन बांड्ज की बाजार कीमत इतनी कम होती गई क्योंकि वह इन बांड्ज में निवेश की गई राशि से भी कम रह गई। अत: इन बैंकों को इन पुराने बांड्ज पर भारी भरकम नुक्सान हुआ है। इन बांड्ज को आज के समय में बाजार में बेचने पर इन बैंकों को अपने निवेश की राशि भी नहीं मिल पा रही है। इस प्रकार ये बैंक अपने जमाकर्ताओं को राशि का भुगतान करने में असफल हो रहे हैं। अमेरिका के साथ ही अन्य कई विकसित देशों ने भी मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लगातार ब्याज दरों में वृद्धि की है। अत: यूरोपीयन देशों में भी बैंकों में इसी प्रकार की समस्या आ सकती है। क्रेडिट स्विस नामक एक निवेश बैंक में तो इस प्रकार की समस्या दृष्टिगोचर भी है। इस बैंक के शेयर की कीमत पूंजी बाजार में 98 प्रतिशत तक गिर गई है। दरअसल, विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा, मुद्रा स्फीति जो कि कोविड महामारी एवं रूस यूक्रेन युद्ध के चलते उत्पादों की आपूर्ति में आई कमी के कारण उत्पन्न हुई थी, को उत्पादों की मांग में कमी करने के उद्देश्य से, ब्याज दरों में वृद्धि कर नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा था। यह अपने आप में एक सही निर्णय नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाने के स्थान पर उत्पादों की मांग कम करने के प्रयास किए जा रहे थे, जोकि एक नकारात्मक निर्णय कहा जा सकता है। इसके चलते कई संस्थानों को तो कर्मचारियों की छंटनी भी करनी पड़ी है और अब विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों के इस निर्णय ने इन देशों की बैंकों के लिए भी एक गंभीर वित्तीय संकट खड़ा कर दिया है। अब यहां प्रश्न यह खड़ा हो रहा है कि अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों की बैंकों के सामने आए इस वित्तीय संकट का प्रभाव क्या भारतीय बैंकों पर भी पड़ेगा। इसके उत्तर में स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि भारत में चूंकि केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने पूर्व में ही कई निम्नलिखित निर्णय लिए हैं जिसके चलते भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति इस संदर्भ में बहुत सुदृढ़ हो गई है। बैंकिंग उद्योग किसी भी देश में अर्थ जगत की रीढ़ माना जाता है। बैंकिंग उद्योग में आ रही परेशानियों का निदान यदि समय पर नहीं किया जाता है तो आगे चलकर यह समस्या उस देश के अन्य उद्योगों को प्रभावित कर, उस देश के आर्थिक विकास की गति को कम कर सकती है। इसलिए पिछले 8 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार ने बैंकों की लगभग हर तरह की समस्याओं के समाधान हेतु कई ईमानदार प्रयास किए हैं। गैरनिष्पादनकारी आस्तियों से निपटने के लिए दिवाला एवं दिवालियापन संहिता लागू की गई है। देश में सही ब्याज दरों को लागू करने के उद्देश्य से मौद्रिक नीति समिति बनायी गई है।

प्रह्लाद सबनानी

## संपादकीय

### चीन से आयात पर रोक??

केन्द्रीय उद्योग मंत्री पीयुष गोयल ने कहा कि चीन से आयात होने वाले घटिया स्तर के 2000 उत्पादों को गुणवत्ता नियंत्रण के दायरे में लाया जाएगा। साथ ही चीन से सस्ता माल मंगाना आसान नहीं होगा। मैन्यूफैक्चरिंग के प्रोत्साहन के लिए बड़े पैमाने पर गुणवत्ता मानक का नियम लागू होगा। नि:संदेह इस समय जब चीन से हर तरह का आयात बढ़ रहा है और चीन से देश का व्यापार असंतुलन चिंताजनक स्तर पर है, तब सरकार का यह फैसला स्वागत योग्य है। इससे चीन से आयात पर अंकुश लगेगा। गौरतलब है कि इस समय चीन से लगातार बढ़ता व्यापार असंतुलन पूरे देश की एक बड़ी आर्थिक चिंता का कारण बन गया है और इस पर पूरे देश में विभिन्न स्तरों पर विचार मंथन हो रहा है। पिछले माह 23 फरवरी को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एशिया इकोनॉमिक डायलॉग में कहा कि चीन से व्यापारिक असंतुलन की गंभीर चुनौती के लिए सिर्फ सरकार ही जिम्मेदार नहीं है, चीन के साथ व्यापार असंतुलन के लिए सीधे ज़ तौर पर देश का उद्योग-कारोबार और देश की कंपनियां भी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कलपुर्जे सहित संसाधनों के विभिन्न स्त्रोत और मध्यस्थ विकसित करने में अपने प्रभावी भूमिका नहीं निभाई है। साथ ही देश की बड़ी कंपनियां शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में भी बहुत पीछे हैं। विगत 17 फरवरी को वाणिज्य मंत्रालय ने भारत-चीन व्यापार के वित्त वर्ष 2022-23 के अप्रैल 2022 से जनवरी 2023 तक 10 महीनों के आयात-निर्यात के जो नवीनतम आंकड़े जारी किए हैं, उनके मुताबिक इन 10 महीनों की अवधि में चीन से किए जाने वाले आयात में 9 फीसदी का उछाल आया है, जबकि इस अवधि में चीन को किए जाने वाले निर्यात में 34 फीसदी की भारी कमी आई है ।

# ग्रामीण चिकित्सा में सुधार के लिए मोबाइल हेल्थ क्लीनिक बेहद जरूरी

*किसी भी राष्ट्र की समृद्धि वहां के लोगों के स्वास्थ्य पर निर्भर करती है, क्योंकि सेहतमंद लोग ही अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा सकते हैं। केंद्रीय बजट वर्ष 2023-24 में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 89,155 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो पिछले बजट से 13 प्रतिशत अधिक है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी (आरएचएस)-2020 के अनुसार, देश में 1,57,921 उप-स्वास्थ्य केंद्र, 30,813 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 5,649 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 1,193 अनुमंडलीय अस्पताल और 810 जिला अस्पताल हैं।*

आरएचएस के अनुसार, देश भर में क्रमश: 24 प्रतिशत एससी, 29 प्रतिशत पीएचसी व 38 प्रतिशत सीएचसी की कमी बताई गई है। अभी 10,423 पीएचसी सप्ताह में 24 घंटे सेवाएं दे रहे हैं। सवाल है कि इतने स्वास्थ्य केंद्र होने के बावजूद ग्रामीण उप-स्वास्थ्य केंद्रों का हाल बुरा क्यों है? क्या जर्जर, अभावग्रस्त, निष्क्रिय और मृतप्राय उप-स्वास्थ्य केंद्र के भरोसे ग्रामीणों का स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है?

सच तो यह है कि इन उप-स्वास्थ्य केंद्रों पर केवल टीकाकरण और किसी विशेष अवसरों पर कागजी खानापूर्ति के लिए ही नर्स या स्वास्थ्य सेवक उपस्थित होते हैं। बाकी दिनों में ये उप-स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह से ठप रहते हैं। चिकित्सा की कोई सुविधा न होने के कारण लोग ग्रामीण स्तर पर इलाज करने वाले अवैध चिकित्सकों की शरण में जाते हैं और कभी-कभार उनकी




गरीबी व पिछड़े राज्यों के लिए अधिकाधिक मोबाइल हेल्थ क्लीनिक शुरू करना बेहद आवश्यक है, ताकि घर-घर लोगों को स्वास्थ्य सेवा मिल सके।

जान जोखिम में पड़ जाती है।

प्रखंड स्थित पीएचसी जाने के लिए ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। यह जरूर है कि प्रसव व परिवार नियोजन हेतु प्रखंड स्तर पर सरकार की अच्छी व्यवस्था है, जहां जाकर बच्चा-जच्चा, दोनों ही सुरक्षित व स्वस्थ होकर घर लौटते हैं। आशा दीदी भी गर्भवती महिलाओं की सेहत की सुरक्षा के बारे में घर-घर जाकर जानकारियां देती हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे कई स्वास्थ्य केंद्र केवल दिखावा से अधिक कुछ नहीं हैं।

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के पश्चिमी दियारा के लोगों का स्वास्थ्य भी भगवान भरोसे है। जिले के साहेबगंज और पारु प्रखंड के हजारों लोगों को इलाज के लिए प्रखंड स्थित पीएचसी जाने के लिए 15-20 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। यदि पीएचसी में इलाज नहीं हुआ, तो उन्हें जिले के निजी अस्पतालों में महंगा इलाज कराना पड़ता है। पारू प्रखंड स्थित पीएचसी में एक्सरे व अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं है। दवा एवं जांच कराने के लिए भी अपनी जेब से खर्च करना पड़ता है। कई ग्रामीणों की शिकायत है कि आयुष्मान कार्ड रहते हुए भी उन्हें इसलिए शहरों का रुख करना पड़ता है, क्योंकि गांव के स्वास्थ्य केंद्र में नाममात्र की सुविधा होती है। शहर के अस्पतालों में भी कार्ड से सभी बीमारियों का इलाज नहीं होता है। फिर शहर आने-जाने का खर्च भी अलग लगता है। उनका कहना है कि पीएचसी का संचालन नियमित होना चाहिए, ताकि निर्धन व बेबस लोगों का इलाज हो सके।

हेल्थ इंडेक्स के मुताबिक, स्वास्थ्य के मामले में बिहार और उत्तर प्रदेश का सबसे अधिक बुरा हाल है। इंडेक्स में 20वें एवं 21वें स्थान पर बिहार व उत्तर प्रदेश हैं, जबकि शीर्ष तीन राज्यों में केरल, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र हैं। साफ तौर पर कहा जा सकता है कि भारत में स्वास्थ्य के मामले में अभी और काम करने की जरूरत है। बिहार में 10 मोबाइल हेल्थ क्लीनिक शुरू किया गया है, जिनमें से तीन को महिला स्वास्थ्य सेवा के लिए तैयार किया गया है। मोबाइल हेल्थ क्लीनिक सराहनीय कदम है। गरीबी व पिछड़े राज्यों के लिए अधिकाधिक मोबाइल हेल्थ क्लीनिक शुरू करना बेहद आवश्यक है, ताकि घर-घर लोगों को स्वास्थ्य सेवा मिल सके। ग्रामीण भारत में सेहत व सुरक्षा की जवाबदेही पीएचसी की अधिक है।

रिमझिम कुमारी

## मिला जुला

### एक नजर

## पीएम मोदी से मिलने पहुंचे अजीत डोभाल



**राष्ट्रीय** सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल आज संसद में प्रधानमंत्री मोदी से मिलने पहुंचे हैं. पीएम मोदी इस समय संसद में मौजूद हैं और उनके साथ इस मीटिंग में गृहमंत्री अमित शाह, बीजेपी चीफ जेपी नड्डा और अन्य कैबिनेट मंत्री भी मौजूद हैं. सूत्रों का कहना है, इस मीटिंग में डोभाल पीएम समेत कैबिनेट को देश की आतंरिक और बाह्य सुरक्षा के संबंध में जानकारी देंगे. ऐसा माना जा रहा है, डोभाल आज पंजाब में खालिस्तानी समर्तक अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी को लेकर किए जा रहे एक्शन पर ब्रीफ कर सकते हैं. साथ ही उस पर पुलिसिया कनेक्शन के बाद विदेशों में भारतीय उच्चायोग के सामने हुए प्रदर्शनों के बारे में जानकारी देते हुए उनसे निपटने के लिए अपनी रणनीति के बारे में बता सकते हैं.

## विदेशी चंदे को लेकर सीबीआई जांच के आदेश

**नई दिल्ली** । हर्ष मंदर के एनजीओ अमन बिरादरी पर सीबीआई जांच के आदेश दिए गए हैं। यह आदेश गृह मंत्री अमित शाह ने दिए हैं। पूर्व प्रशासनिक अधिकारी हर्ष मंदर का एनजीओ अमन बिरादरी को एफसीआरए क्लीयरेंस नहीं था। सीबीआई एफसीआरए क्लीयरेंस के बिना ही अमन बिरादरी में विदेशों से आए फंड की जांच करेगी। समाचार एजेंसी के मुताबिक, उन्होंने कहा कि अमन बिरादरी के खिलाफ विदेशी योगदान (विनियमन) अधिनियम के अलग-अलग प्रावधानों के उल्लंघन के लिए सीबीआई जांच की सिफारिश की गई है।

# अमृतपाल अब भी गिरफ्त से बाहर, चाचा को भेजा गया असम जेल

नई दिल्ली. खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह अभी तक फरार है. पिछले चार दिन से पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है. वह जिस कार में फरार हुआ था, उसे भी पुलिस ने बरामद कर लिया है. इस बीच अमृतपाल सिंह के तार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी से भी जुड़ने की बात कही जा रही है. अमृतपाल सिंह के चाचा हरजीत सिंह को आज सुबह असम के डिब्रूगढ़ ले जाया गया. रविवार को अमृतपाल के चार गिरफ्तार साथियों को भी डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल ले जाया गया.



### मामले से जुड़ी अहम जानकारियां

अमृतपाल सिंह के चाचा और छह अन्य सहयोगियों पर कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत आरोप लगाए गए हैं, जो पुलिस को देश भर में किसी भी जेल में संदिग्धों को हिरासत में लेने की अनुमति देता है. ऐसा लगता है कि अमृतपाल सिंह के खिलाफ शस्त्र अधिनियम का हवाला देते हुए एक नई प्राथमिकी के साथ केंद्र इस मामले को एक आतंकी जांच के रूप में लेने के लिए आगे बढ़ रहा है. नए मामले में खालिस्तानी नेता को 'आरोपी नंबर एक' नाम दिया गया है. सत्तारूढ़ भाजपा ने खालिस्तानी समर्थकों को 'अलग-थलग' करने के लिए सिख निकायों से अपील की है, क्योंकि अमेरिका और ब्रिटेन में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन देखा गया था.

पंजाब के कुछ हिस्सों में गुरुवार दोपहर तक मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवाओं पर रोक जारी रहेगी. पड़ोसी राज्य हरियाणा भी हाई अलर्ट पर है. पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय आज अमृतपाल सिंह की 'रिहाई' की मांग वाली याचिका पर केंद्र की प्रतिक्रिया सुनेंगे. अमृतपाल सिंह के नेतृत्व वाले संगठन 'वारिस पंजाब दे' के कानूनी सलाहकार ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है.

## पंजाब पुलिस को चंडीगढ़ हाईकोर्ट ने लगाई फटकार, कहा- अमृतपाल सिंह के बाकी साथी पकड़े गए तो वह कैसे भाग गया

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस को चंडीगढ़ हाईकोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। अदालत ने पुलिस पर सवाल उठाते हुए कहा कि अमृतपाल सिंह पर गंभीर आरोप थे। उसके बाकी साथी पकड़े गए तो वह कैसे भाग गया। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह इंटेलिजेंट फेलियर है। इस पर इतने केस है, फिर भी कैसे भाग गया। हम आपकी स्टोरी पर विश्वास नहीं कर सकते। अदालत ने सरकार को चार दिन में स्टेटस रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। इस पर सरकार ने कहा कि हम पकड़ने की कोशिश कर रहे है। जी-20 की बैठक होने के कारण पुलिस बिजी थी। वहीं, कोर्ट ने पिता को सुनने से इनकार कर दिया। उसने तन्नू बेदी को कोर्ट मित्र नियुक्त किया।

### अमृतपाल पर लगा एनएसए

एडवोकेट जनरल ने कहा कि कुछ जानकारी ऐसी है, जो ओपन कोर्ट में नहीं दी जा सकती। एजी की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि अमृतपाल के खिलाफ एनएसए भी लगा दिया गया है।

### मान ने जारी किया संदेश

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक संदेश जारी कर कहा कि जब भी पंजाब का ख्याल आता है, लहराती फसलें, नाचते झूमते लोग, शूरबीरों और योद्धाओं की कुरबानी की कथाएं और गुरुओं की गुरबानी का ख्याल मन में आता है। पंजाब ने हमेशा देश को लीड किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब की शांति से हम खिलवाड़ नहीं करने देंगे। जो कोई भी माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से ग्राम बंजारी में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ किया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़.बिलाईगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा परिसर में विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर जिले के ग्राम बंजारी गोड़म में ष्मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सामुदायिक वन संसाधन अधिकार जारी करने की प्रक्रिया को ट्रैक करने हेतु मोबाइल एप का भी लोकार्पण किया। वीडियो कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री के साथ वन मंत्री मोहम्मद अकबर, कृषि मंत्रीरविन्द्र चौबे, खाद्यमंत्री अमरजीत भगत, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी, संसदीय सचिव सह बिलाईगढ़ के विधायक चन्द्रदेव राय और सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े उपस्थित थीं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बघेल ने राज्य के 33 जिलों के 42 स्थानों में मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना का शुभारंभ किया। कलेक्टर डॉ. फ



रिहा आलम सिद्दीकी और एसडीएम सारंगढ़ मोनिका वर्मा ने शहीद महेन्द्र कर्मा सामाजिक सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को चेक वितरण किया। मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना में पात्र हितग्राही अगर पांच एकड़ तक की भूमि पर अधिकतम पांच हजार पौधे रोपण करता है तो 100 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। यदि पांच एकड़ भूमि से अधिक पर रोपण करता है तो 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। रोपण का कार्य हितग्राही द्वारा किया जाएगा। हितग्राही द्वारा फेंसिंग एवं सिंचाई की व्यवस्था स्वयं के व्यय पर करना होगा। हितग्राहियों की मांग



अनुसार नि:शुल्क पौधा प्रदाय किया जाएगा। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में पौधों का जीवित प्रतिशत अनुसार अनुदान हितग्राही के खाते में हस्तांतरित किया जाएगा। शासन स्तरीय द्वारा प्रतिवर्ष समर्थन मूल्य का निर्धारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना से टिशू कल्चर बांस रोपण करने पर प्रति एकड़ सकल लाभ 22 हजार 812 रूपए प्रतिवर्ष प्राप्त होगा। टिशू कल्चर सागौन रोपण करने पर प्रति एकड़ लाभ 2 लाख 17 हजार 575 रूपए तक प्रति वर्ष प्राप्त होगा। क्लोनल नीलगिरी रोपण करने पर प्रति एकड़ 20 हजार रूपए प्रतिवर्ष प्राप्त होगा। मिलिया डुबिया ;मालाबार नीमद्ध रोपण करने पर प्रति एकड़ सकल लाभ एक लाख रूपए तक प्राप्त होगा। वन विभाग द्वारा समस्त आवश्यक सहयोग मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस योजना का लाभ लेने हेतु क्षेत्रीय वन अमला से संपर्क किया जा सकता है। इन पौधों में टिशू कल्चर सागौन, टिशू कल्चर बांस, मिलिया डुबिया मालाबार नीम चंदन क्लोनल नीलगिरी एवं आर्थिक लाभ प्रदाय करने वाले प्रजाति शामिल हैं। ग्राम बंजारी के इस समारोह में गौसेवा आयोग छत्तीसगढ़ के सदस्य पुरूषोत्तम साहू, सारंगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, अरूण मालाकार, विजय बसंत,संजय दुबे,गोल्डी नायक,सूरज तिवारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## वॉल स्ट्रीट जर्नल ने भाजपा को बताया 'दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण पार्टी'



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक पार्टी है और इसे कम नहीं आंका जा सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल में लिखे अपने लेख में वाल्टर रसेल मीड ने यह राय व्यक्त की। डब्ल्यूएसजे के अनुसार, फ्रभारत की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी, अमेरिकी राष्ट्रीय हितों के दृष्टिकोण से, दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण विदेशी राजनीतिक पार्टी है। इसे कम नहीं आंका जा सकता है। 2014 और 2019 में लगातार जीत के बाद भाजपा 2024 में भी दोबारा जीत की ओर बढ़ रही है।'

जापानी पीएम ने चौंकाया

## भारत से सीधे यूक्रेन जा रहे फुमियो किशिदा



**नई दिल्ली.** समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, जापान के प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा भारत दौरा खत्म कर अचानक यूक्रेन जा रहे हैं। किशिदा ने सोमवार को कहा था कि वह सात नेताओं के समूह और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के बीच शुक्रवार को एक ऑनलाइन बैठक की मेजबानी करेंगे। उनकी मेजबानी का प्रस्ताव यूक्रेन पर रूस के हमले के एक साल बाद आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी एक दिन पहले ही सोमवार को अचानक यूक्रेन के कीव शहर पहुंच गए थे। उनकी सरप्राइज विजिट से दुनिया अचरज में पड़ गई। कीव पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ जंग में हथियारों की आपूर्ति में इजाफा करने और देश पर रूस के आक्रमण की पहली वर्षगांठ से पहले समर्थन का वादा किया। यूक्रेन रवाना होने से पहले पीएम नरेन्द्र मोदी के समकक्ष जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने सोमवार को भारत-जापान वैश्विक रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने का संकल्प लिया और कहा कि यह शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए महत्वपूर्ण है।

# जिला शिक्षाधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अमर्यादित बयान के कारण शिक्षक हुए लामबन्द, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।







रायगढ़ एवं बलौदाबाजार से अलग होकर सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का गठत हुआ जहां कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का पदस्थापना भी हुआ जिसमें कई विभागों पर महिला अधिकारियों को नया-नया जिम्मेदारी दिया गया। जिसमें शासन स्तर से पदस्थापना किया गया जिसमें कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम, पुलिस अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तक महिलाओं को संभालने की कमान दिया गया है जिसमे सभी अपने पद की गरिमा के प्रति सही तरीके से निर्वहन करते नजर आ रहे हैं जिसमें एक विशेष विभाग जिसको शिक्षा विभाग के नाम से जाना जाता है जहां सभी शिक्षा के मंदिर यानी स्कूलों की जिला स्तरीय मुख्य दफ्तर होती है। जिस अधिकारी की सेवा से स्कूल स्तर की व्यवस्था सुधर कर बुलंदी पर पहुंच गयी है। यही नहीं बल्कि शराबी शिक्षकों की वाट लगी हुई है। जिस स्कूल में शिक्षकों द्वारा काम चोरी बच्चों को शिक्षा देने के बजाय दारु सेवन कर स्कूल जाना, बच्चों के साथ मारपीट करना स्कूल पर शिक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से नहीं चला पाना ऐसे शिक्षकों के ऊपर कार्यवाही करते नजर आती है। उस महिला शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध झूठी बयान, दफ्तर में तैनात समस्त स्टॉप को तलवे चाटने की काम ऐसे भाषा के साथ सम्बोधित किया गया इस कारण आज छत्तीसगढ़ क्रांतिकारी शिक्षक संघ द्वारा मोर्चा खोला गया जिसमें शिक्षक को कैसे शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए इस तारतम्य में समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने मिलकर कलेक्टर को ज्ञापन सौप कर कार्यवाही की मांग किया गया है। जिसमें आगे बताया गया कि चोकलाल पटेल शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हरदी विकासखण्ड सारंगढ़ द्वारा विधानसभा सत्र अवकाश प्रतिबंध बावजूद बिना अनुमति शिक्षकों को लेकर सार्वजनिक रूप से मीडिया के माध्यम से अमर्यादित बयान देकर अपमानित करने के विरुद्ध कार्यवाही करने के सम्बंध में दिया गया ज्ञापन। चोकलाल पटेल शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हरदी विकासखण्ड सारंगढ़ निवासी ग्राम भेडवन विकासखण्ड सारंगढ़ द्वारा पंद्रह मार्च को सारंगढ़ में शिक्षकों को लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र दो हजार तेईस के दौरान अवकाश प्रतिबंध होने के उपरांत सक्षम अधिकारी के बिना अनुमति के रैली निकाल कर मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक रूप से व शोशल मीडिया के माध्यम से अमर्यादित बयान बाजी कर जिला शिक्षा अधिकारी सारंगढ़ के कार्यों से हर्ष व्यक्त कर ने वाले छत्तीसगढ़ क्रांतिकारी शिक्षक संघ के लोगों को व कार्यलय में अटैच है उन्हें तलवे चाटने वाले, दलाल, दृष्टराष्ट्र जैसे अंधा सात जन्मों तक अंधा हो जावें एवं अमर्यादा की पराकाष्ठा जन्म देने वाले माता पिता पर भी बेहद शर्मनाक बयान देकर कैसे इनके माता पिता ने जन्म दिया बोलकर बेहद अपमानित किया गया है। इस सम्बंध में आवेदन प्रस्तूत कर चोकलाल पटेल की विरुद्ध कार्यवही करने की बात कही गयी वही चोकलाल पटेल द्वारा उनके जिस स्कूल में पदस्थ है वही के महिला प्राचार्य के साथ भी इस तरह कुछ व्यवहार किया गया था जिसका मामला अभी तक चल ही रहा है इसकी जानकारी छत्तीसगढ़ क्रांतिकारी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया है आगे इस पर कार्यवाही नहीं किया गया तो आगे उग्र आंदोलन करने कि बात कही।

## यहां भी एक नजर

चोकलाल पटेल द्वारा मीडिया के माध्यम से दी गई वक्तव्य जिसमें शिक्षकीय गरिमा को तार तार करते हुए स्तरहीन निंदनीय बयान दिया गया जिसमे डीईओ सारंगढ़ डेजी रानी जांगड़े के कार्य से हर्ष छग क्रांतिकारी शिक्षक संघ ने हर्ष व्यक्त किया था जिस पर टिप्पणी करते हुए दलाल तलवा चाटने वाले कहते हुए आगे स्तरहिनता की पराकाष्ठा माता पिता के जन्म पर अशोभनीय वक्तव्य देना बेहद शर्मनाक है जिसकी छग क्रांतिकारी शिक्षक संघ कड़े शब्दों में निंदा कर विरोध करता है इस सबन्ध में ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग किया गया है। आगे यह बताया कि कुछ तथाकथित संघ पदाधिकारी पहले कार्यालयों में अटैच होकर अपने खाते में वेतन एरियर्स के नाम पर लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा कर अपने खाते में जमा करा लिया जाता था ऐसे तथाकथित संघ पदाधिकारी दलालों के सरदार अध्यक्ष का दुकानदारी दलाली बंद होने से बौखला, दिमागी दिवालिया आपा खो कर अशोभनीय अमर्यादित निंदनीय स्तरहीन बयान में सदैव माहिर है जो किसी से छिपा नहीं है यही बर्ताव जिला में पदस्थ ईमानदार नेक कुशल व्यवहार की धनी संवेदनशील अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी जांगड़े को कार्यालीन समय में बेहूदा ऊंचा आवाज में बात करते हुए दुर्व्यवहार करने पर डीईओ द्वारा फ टकार लगाई गई की आप शालीनता से बात करें जिससे बौखलाकर शिक्षकों को भ्रमित कर अनावश्यक उकसाकर अपने व्यक्तिगत महत्वकांक्षा के लिय हड़ताल के लिये उकसाया जाता है। छग क्रांतिकारी शिक्षक संघ सारंगढ़ ने अमर्यादित स्तरहीन अमानवीय बयान का कड़े शब्दों में भर्त्सना एवम विरोध करता है।

कुछ समय पहले जिलाधिकारी के व्यवहार के सम्बंध में शिक्षक संगठन द्वार प्रदर्शन हुआ था ज्ञापन भी सौंपा गया था उपरोक्त सम्बन्ध में एक कमेटी भी गठन हुआ है जिसका जांच अभी लंबित है उस सम्बन्ध में उनके जो आचरण सहिंता के सम्बंध में उन्होंने जिस प्रकार का व्यवहार एक डीईओ के विरुद्ध किया उनके पर्सनल बातों पर या पारिवारिक मुद्दों पर उन्होंने कमेंट किया या फिर जो शासकीय कार्यालय गरिमा के विरुद्ध जो व्यवहार होना था उस व्यवहार की गरिमा के विरुद्ध व्यवहार नहीं करने सम्बंधित कई प्रकार की शिकायतें संलग्न है, उस सम्बन्ध में ज्ञापन लिया गया है और साथ में जो है भविष्य में आगामी समय मे नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

## एक नजर

### 5 बकायादारों ने जमा नहीं किया तहसील कार्यालय घरघोड़ा में परिवर्तित लगान एवं अन्य उपकर राशि

तीन दिवस के भीतर राशि जमा करने बकायादारों के सूचनार्थ एसडीएम ने जारी किया पत्र

राशि जमा न करने की दशा में भू-राजस्व संहिता की धारा पर होगी कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)घरघोड़ा से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2022-23 की समाप्ति पर अनुविभाग घरघोड़ा के तहसील कार्यालय घरघोड़ा में 5 बकायादारों द्वारा अब तक परिवर्तित लगान एवं अन्य उपकर की राशि जमा नहीं किया गया है। जबकि 20 मार्च 2023 तक कार्यालय में उपस्थित होकर जमा करने हेतु समय दिया गया था। एसडीएम घरघोड़ा द्वारा उन पांचों बकायादारों को तीन दिवस के भीतर बकाया राशि जमा करने हेतु कहा गया है। जमा न करने की दशा में भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 के अधीन कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए संबंधित बकायादार स्वयं जिम्मेदार होंगे।

#### इन संस्थानों ने नहीं जमा कराया राशि

परिवर्तित लगान एवं अन्य उपकर की राशि तहसील कार्यालय घरघोड़ा में जिन संस्थान एवं खातेदार द्वारा जमा नहीं किया गया है। इनमें टी.आर.एन.एनर्जी लिमिटेड तहसील घरघोड़ा द्वारा बकाया राशि 31 लाख 39 हजार 695 रुपये है। इसी तरह संस्कार धानी डेव्हलपर्स नर्मदा नगर बिलासपुर प्रा.लि.की ओर से शुभराम/दीपचंद द्वारा 3 लाख 66 हजार 850 रुपये, आर्यन कोल बेनिफिकशन प्रा.लि.बिलासपुर द्वारा 1 लाख 46 हजार 608 रुपये, रामेश्वरम स्टील एण्ड पावर लिमिटेड (सन स्टील प्रा.लिमिटेड)द्वारा 82 हजार 628 रुपये तथा एलाइन्स आयरन एण्ड स्टील प्रा.लि.राउरकेला की ओर से अमित गुप्ता ग्राम अमलीडीह तहसील घरघोड़ा द्वारा 2 लाख 60 हजार 272 रुपये बकाया है।

### संत बाबा गुरू घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय में डायलिसिस यूनिट का हुआ शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





संत बाबा गुरूघासी जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में डायलिसिस यूनिट का आज शुभारंभ हुआ। वर्तमान में 2 यूनिट डायलिसिस मशीन का संचालन शुरू हुआ है। डायलिसिस यूनिट शुरू होने से रायगढ़ अंचल के किडनी मरीजों को लाभ मिलेगा। शुभारंभ अवसर पर स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ के डीन डॉ.पी.एम.लूका, संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ.एम.के.मिंज एवं मेडिसीन विभागाध्यक्ष डॉ.संविता अहेरवाल, सह प्राध्यापक डॉ.जितेन्द्र कुमार नायक, सहायक प्राध्यापक डॉ.नरेश पटेल, सीनियर रेसीडेंट डॉ.सीमा पटेल तथा डायलिसिस यूनिट के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने वृक्ष संपदा योजना का किया वर्चुअल शुभारंभ

डूमरपारा में 1 एकड़ भूमि पर 250 सागौन का पौधरोपण कर योजना का किया शुभारंभ



कलेक्टर ने योजना का लाभ उठाने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का आज वर्चुअल शुभारंभ किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत आज सक्ती के ग्राम डूमरपारा के बुधराम साहू और देशराम साहू की 1 एकड़ जमीन पर 250 सागौन के पौधों का रोपण किया गया। विदित है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस योजना का राज्यव्यापी शुभारंभ किया। यह किसानों की निजी भूमि पर वृक्षारोपण कर ग्रामीणों की आय बढ़ाने के साथ.साथ छत्तीसगढ़ में ग्रीन कवर बढ़ाने की एक महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना अंतर्गत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय, अर्द्ध शासकीय एवं शासन की स्वायत्त संस्थाएं निजी शिक्षण संस्थाएं निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाएं पंचायते तथा भूमि अनुबंध धारक इंस योजना का लाभ ले सकते है। हितग्राही की निजी भूमि में 05 एकड़ तक रोपण हेतु 100 प्रतिशत तथा 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र में रोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान शासन द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय किया जावेगा।

# मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का जिला में शुभारंभ

**दोरनापाल में 3 एकड़ निजी भूमि पर चन्दन, सागौन एवं पौध रोपण कर योजना का शुभारंभ**

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ आज विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर जिले के दोरनापाल में भूमि स्वामी प्रांशु सिंह चौहान के 3 एकड़ जमीन पर चन्दन और सागौन के पौधे रोपण कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए हरीश कवासी ने कहा कि इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं। 5 एकड़ तक शत प्रतिशत अनुदान है। चन्दन और सागौन, बॉस नीलगिरी आदि का पौधा कुछ साल में ही फायदा देना शुरू कर देगा। बेचने की जवाबदेही विभाग की होगी। इसलिए उन्होंने सबको इस योजना का लाभ उठाने की अपील की। यहां दोरनापाल में आयोजित इस महती आयोजन में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के अध्यक्ष हरीश कवासी, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष बोड्डू राजा, योग आयोग के सदस्य राजेश नारा, माड़वी देवा, जाकिर हुसैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, तेंदूपत्ता यूनियन के अध्यक्ष, सदस्य, योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों सहित आमजन, साथ ही कलेक्टर हरिस एस, वनमंडलाधिकारी थ्रेजस एस सहित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। सुकमा जिले में इस योजना के तहत अब तक 9 सौ से अधिक हितग्राहियों के लगभग 14 एकड़ एकड़ भूमि का विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण करने के लिए पंजीकरण किया गया है। दोरनापाल के भूमि स्वामी व योजना के हितग्राही प्रांशु सिंह चौहान ने बताया कि उन्हें इस योजना के बारे में पता चला उन्होंने तत्काल अपने 3 एकड़ भूमि पर चन्दन और सागौन पौधे लगाने हेतु सहमति दे दी। उन्होंने कहा कि इस योजना से वास्तव में भूमि का उपयोग और आर्थिक लाभ होगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा सुरक्षा योजना अंतर्गत हितग्राहियों के खाते में राशि भी ऑनलाइन ट्रान्सफर किया गया। विदित है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस योजना का राज्यव्यापी शुभारंभ किया। यह किसानों की निजी भूमि पर वृक्षारोपण कर ग्रामीणों की आय बढ़ाने के साथ.साथ छत्तीसगढ़ में ग्रीन कवर बढ़ाने की एक महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना अंतर्गत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय, अर्द्ध शासकीय एवं शासन की स्वायत्त संस्थाएं निजी शिक्षण संस्थाएं निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाएं पंचायते तथा भूमि अनुबंध धारक इंस योजना का लाभ ले सकते है। हितग्राही की निजी भूमि में 05 एकड़ तक रोपण हेतु 100 प्रतिशत तथा 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र में रोपण हेतु 05 से ऊपर के जमीन के लिए 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान शासन द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय किया जावेगा। राज्य में इस योजना के माध्यम से प्रति वर्ष 36000 एकड़ के मान से कुल 05 वर्षों में एक लाख अस्सी हजार एकड़ में 15 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। शासन द्वारा चयनित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम क्रय मूल्य निर्धारित किया जावेगा। जिससे कृषकों को निश्चित आय प्राप्त हो सकें। वनक्षेत्र से बाहर लकड़ी के उत्पादन बढ़ने से काष्ठ आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही कार्बन क्रेडिट के माध्यम से भी कृषकों को अतिरिक्त आय प्राप्त होने का संभावना है। योजना अंतर्गत क्लोनल नीलगिरी, टिश्यू कल्चर बांस,सागौन, मालाबार नीम जैसे आर्थिक लाभ देने वाले पौधों का रोपण किया जाएगा।

# पुसपाल में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल उत्सव समारोह का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।




जल जीवन मिशन के अंतर्गत सुकमा जिले में विकासखंड छिंदगढ़ के ग्राम पंचायत पुसपाल में विकासखंड का प्रथम जल उत्सव समारोह का आयोजन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड सुकमा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गांव के मुखिया पटेल पानू राम के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। समन्यको द्वारा जल जीवन मिशन, जल संवर्धन एवं गुणवत्ता पर लोगों से विशेष चर्चा कर जल वाहिनी को प्रशिक्षण दिया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को अवगत कराया कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य ना केवल हर घर स्वच्छ जल देना है बल्कि पंचायतों में बनी ग्राम एवं स्वच्छता समिति को पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं रखरखाव के प्रति सशक्त भी बनाना है ताकि ग्रामीण जन सामुदायिक भागीदारी के साथ अपने स्तर पर ग्राम सभा के माध्यम से जल कर एवं जल वितरण की समयावधि निर्धारित कर स्वामित्व की भावनाओं के साथ कार्य योजना को आगे बढ़ाये।

साथ ही पेयजल की गुणवत्ता के प्रति भी हर ग्रामीण को जागरूक रहने को बताया गया क्योंकि पानी सीधा हमारे स्वास्थ से जुड़ा है अगर पानी स्वच्छ रहेगा तभी हम बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे ग्राम पंचायत सरपंच निर्मला ध्रुव ने भी ग्रामवासियों से अपील की कि यह नल जल योजना हम ग्राम वासियों के लिए है और हमें ही इसका रखरखाव करना है। जल संरक्षण करना है ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए हम जल की समस्या का स्थायी निदान कर सकें ऐसी शपथ लेना हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान हर घर नल से जल सर्टिफिकेट सौपा गया। इस अवसर पर भूतपूर्व सरपंच देवेंद्र नाग, वर्ल्ड विजन के केशरी नंदन साहू और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारी,, समन्वयक अरुण सरकार, अजीत पोटाई, समदेव उसेंडी, सतीश साहू, राजेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन उपस्थित थे।



# पंचायत सचिव के हड़ताल में जाने से पंचायत के काम प्रभावित

**पंचायत सचिवों को सरकार से केवल आश्वासन मिला बजट में प्रावधान नहीं मिलने से सचिवों में आक्रोश**

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



ग्राम पंचायत सचिव संघ के द्वारा अपनी एक सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर जिला मुख्यालय के प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता किया और एक सूत्रीय मांगों को पूरा करने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन सोमवार से प्रारंभ किया। इस दौरान गोपाल अजमेरा, छोटू बारसे, जितेंद्र राव, पद्माराव, पी मीना, कमलेश्वरी,मोती किच्चे, भीमे, सुशील कश्यप व अन्य उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष गिरीश कश्यप ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों का लंबित एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को बजट में शामिल नहीं करने के कारण पंचायत सचिव संगठन में काफी रोष है, इसलिए पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव 16 मार्च से काम बंद कलम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनवरी 2021 को दिसम्बर 2021 तक शासकीयकरण करने आश्वासन दिया था इसके अलावा 29 मार्च 2022 को मुख्यमंत्री द्वारा शासकीयकरण करने का घोषणा किया परन्तु तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया। इस वर्ष 17 फरवरी को पंचायत मंत्री द्वारा आगामी बजट में शासकीयकरण करने का आश्वासन दिया परन्तु 6 मार्च को प्रस्तुत बजट में सचिवों की मांग को नजर अंदाज किया गया जिससे सचिव संघ में काफी आक्रोश है।

## पंचायत सचिवों के हड़ताल में जाने से ग्रामीणों की बड़ी समस्या

## शासकीय कार्य हो रहे प्रभावित

बता दे कि ग्राम पंचायत के सचिव हड़ताल में जाने से ग्राम पंचायत स्तर के सभी शासकीय कार्य सीधे प्रभावित हो रही है जैसे जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना, पेंशन, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा,गोधन न्याय योजना, गौठान आदि कार्य प्रभावित होंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे के द्वारा आश्वासन दिया गया था बावजूद बजट में सचिवों का शासकीयकरण को शामिल नहीं किया गया। इसलिए संगठन में काफी रोष है। ग्राम पंचायत सचिव 29 विभाग के 200 प्रकार के दायित्वों को निर्वहन करते हुए अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम करते हैं।

## लंबे आंदोलन से होगा ग्रामीणों का नुकसान,पंचायतों में ग्रामीणों की बड़ी समस्या

*पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाने से पंचायत के द्वारा संचालित किए जाने वाले सभी कार्य प्रभावित हैं। जिसकी वजह से ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। पंचायत में मनरेगा सहित अन्य कार्य बंद होने से अब मजदूर काम की तलाश में दूसरे राज्य पलायन करने के लिए मजबूर है। वही ये आंदोलन लंबे समय तक जारी रहा तो पंचायत में संचालित होने वाली व्यवस्थाएं पूरी तरह से बिगड़ जाएगी।*

# जिले के प्रगतिशील किसानों को नवाचार के लिए करें प्रोत्साहित-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

मछली पालन विभाग को हेचरी व उद्यानिकी विभाग को पॉली हाउस निर्माण हेतु कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वन, कृषि, भूमि संरक्षण, पशु चिकित्सा, सहकारिता, मछली पालन, उद्यानिकी, अपेक्स बैंक सहित बीज निगम विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के किसान प्रगतिशील है, उन्हें कृषि के क्षेत्र में नवाचार हेतु प्रोत्साहित करें। यह हमारी जिम्मेदारी है कि जिले के किसान नवाचार में आगे आए एवं उन्हें उन्हें अधिक से अधिक लाभ हो। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने कृषि, मछली, उद्यानिकी एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषि के क्षेत्र में नवाचार हेतु ब्लॉक स्तर पर विभागीय कार्ययोजना बनाई जाए। जिससे जिले के किसान उन कार्यों को देख कर प्रोत्साहित हों सके। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में नवीन तकनीक के समावेश के फलस्वरूप बेहतर लाभ अर्जित किया जा सकता है। जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। जिसके लिए उन्होंने मछली पालन विभाग को जिले में मछली पालन हेतु हेचरी निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाने एवं उद्यानिकी विभाग को पॉली हाऊस बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पशु पालन विभाग को मुर्गी के स्थानीय मांग के अनुरूप हेचरी निर्माण तथा ग्रामीणों की आय वृद्धि के लिए पशु प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने मिलेट मिशन की समीक्षा की। वन विभाग द्वारा बताया गया कि मिलेट मिशन अंतर्गत रागी, कोदो, कुटकी की खरीदी की गई है, इसी प्रकार कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि रागी, कोदो और ज्वार के क्षेत्र में विस्तार हुआ है। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने बीज की उपलब्धता की जानकारी ली, उन्होंने संबंधित अधिकारी को आवश्यकतानुसार मांग भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने केसीसी प्रगति समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को छूटे किसानों की केसीसी बनाने के लिए कैंप लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वनाधिकार पत्र प्राप्त किसानों को फोकस कर उनका केसीसी बनाया जाए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास खंडों में आगामी दिनों में होने वाले किसान मेला की जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को बेहतर समन्वय के माध्यम से तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए गोबर ब्रिकी में बढ़ोतरी करने एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने भुगतान की जानकारी ली, अपेक्स बैंक के अधिकारी द्वारा बताया गया अकाउंट नंबर गलत होने से कुछ भुगतान लंबित है। कलेक्टर सिन्हा ने संबंधित अधिकारी को लंबित भुगतान के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, पशुपालन, मछली पालन, कृषि, सहकारिता, उद्यानिकी, अपेक्स बैंक, बीज निगम विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

**कैंप लगाकर छूटे किसानों का बनाएं केसीसी**

**जल संवर्धन एवं भू-जल स्तर में वृद्धि हेतु ब्लॉक स्तर पर बनाएं कार्ययोजना**

**मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के तहत भूमि चिन्हांकन के दिए निर्देश**



### जल संवर्धन की दिशा में करें कार्य, ब्लाक स्तर पर बनाये कार्ययोजना

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कृषि विभाग को जल संवर्धन की दिशा में विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे जिले के विभिन्न क्षेत्र में सिंचित भूमि का विस्तार हो सके। उन्होंने नरवा संवर्धन हेतु ब्लाक स्तर पर स्टॉप डेम, चेक डैम, ब्रशवुड चेक डेम के लिए प्रस्ताव बनाने को कहा। जिससे भू-जल स्तर में सुधार के साथ रबी फसल के लिए किसानों को पानी उपलब्ध हो सके।

### मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के लिए भूमि चिन्हांकन के दिए निर्देश

*कलेक्टर सिन्हा ने मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के तहत जिले के बड़े किसानों के पड़त भूमि के चिन्हांकन हेतु वन विभाग को कृषि एवं उद्यानिकी विभाग का सहयोग लेने को कहा। उन्होंने विकासखंडवार लक्ष्य पर चर्चा कर, वन विभाग को किसानों के मांग अनुरूप पौधे उपलब्ध करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को बड़े किसानों को योजना के लाभ से अवगत कराते हुए उन्हें वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए ताकि प्रत्येक ब्लॉक में अधिक से अधिक रकबा में वृक्षारोपण के माध्यम से किसानों को योजना का लाभ मिल सके।*

## समाचार सार

### तारमिस्त्री परीक्षा के लिए 1 अप्रैल से आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विद्युत निरीक्षकालय के अंतर्गत संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत)रायगढ़ के द्वारा तारमिस्त्री परीक्षा आगामी माह जुलाई में आयोजित की जाएगी। जिसके लिए 1 से 30 अप्रैल 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। जिला-रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के आवेदन कर्ता परीक्षा हेतु निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में कार्यालय कार्यपालन अभियंता (वि.सु.)एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक छ.ग.शासन रायगढ़ संभाग रायगढ़ दुर्गा चौक उत्तर चक्रधरनगर रायगढ़ से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में संपर्क कर सकते है।

### केलो नहर से 34 किमी दूर कठली में पहुंच रहा पानी

* नेतनागर की बांध से दूरी करीब 25 किमी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

केलो परियोजना के तहत नहरों के निर्माण होने से गांवों तक पानी पहुंच रहा है। जिसका उपयोग गांव में किसान खेती-किसानी के साथ ही पेयजल और निस्तारी के लिए कर रहे हैं। केलो बांध से लगभग 34 किमी दूर पुसौर विकासखंड का कठली गांव है। यहां पर केलो नहर का काम पूरा हो चुका है और यहां नहर से पानी भी पहुंच रहा है। कार्यपालन अभियंता पी.आर.फूलेकर ने जानकारी देते हुए बताया कि केलो परियोजना के तहत बन रहे नहरों में कई जगहों पर सभी पैच के कार्य पूर्ण होने पर नहरों का पानी वहां पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि केलो बांध से तकरीबन 34 कि.मी.दूर स्थिति पुसौर विकासखंड के कठली गांव में पानी पहुंच रहा है। उन्होंने नेतनागर के बारे में बताया कि इसकी दूरी बांध से करीब 25 किमी है। इसके साथ ही यह बांध से लगभग 27 मीटर डाउन में है। बांध की ऊंचाई लगभग 24.22 मीटर है। ऐसे में नेतनागर तक पानी नहीं पहुंचने वाली बात सही नही है। उन्होंने कहा कि कठली नेतनागर से अधिक ऊंचाई पर स्थित है। उन्होंने आगे बताया कि नेतनागर और रेंगालपाली के बाद प्रदेश की सीमा खत्म हो जाती है। इसलिए यह नहर का अंतिम छोर है। इसका बहाव से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि बांध से जब पानी छोड़ा जाता है तो बांध की ऊंचाई के अनुपात में गुरुत्वाकर्षण बल भी लगता है। जिससे पानी का वेग बढ़ जाता है। यही कारण है कि 34 किमी दूर कठली तक पानी पहुंच रहा है। ऐसे में नेतनागर तक पानी नही पहुंचने वाली बात सही नहीं है। गौरतलब है कि सिंचाई विभाग केलो नहरों का काम तेजी से पूरा करवाने में लगा हुआ है। परियोजना के पूरे होने से रायगढ़ और सक्ती जिले के 175 गांवो के 22810 हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा सतही जल से मिलेगी। नहर के पानी का उपयोग जलस्त्रोतों को भरने, पेयजल, निस्तार और ग्राउंड वाटर रिचार्ज में भी होगा।

### वाप्कोस के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र भ्रमण कर लिया परियोजना का जायजा

**जगदलपुर** । छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत रूरल लाइवलीहुड फाउंडेशन एवं एक्सिस बैंक फाउंडेशन के सहयोग एवं मनरेगा के माध्यम से बस्तर सेवक मंडल द्वारा पिछले 4 साल से बस्तर जिला के बकावंड और जगदलपुर में हाई इम्पेक्ट मेगा वाटरशेड परियोजना चलाई जा रही है. इसके क्रियान्वयन में मनरेगा, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन विभाग, कृषि विभाग, कृषि विद्यान विभाग, क्रेडा, बिहान इत्यादि द्वारा हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा निर्धारित मूल्यांकन एजेंसी वेप्कोस द्वारा 19 मार्च 2023 को बकावंड विकासखंड के डिमरापाल, बडे देवड़ा, सानदेवड़ा, बडे जिराखाल के टून्डरीआमा और 20 मार्च को बस्तर विकासखण्ड के ग्राम बालेंगा में मनरेगा के माध्यम से किये गए कार्यो का जायजा लिया गया एवं हितग्राहियों और स्व सहायता समूह की दीदियों से मिलकर आजीविका के साधन तथा उनसे प्राप्त होने वाले आय की जानकारी ली। किसानों ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान परियोजना से प्राप्त सहयोग के संबंध में वाप्कोस के प्रतिनिधि डॉ आर.पी. सिंह एवं सचिन सहरावत को जानकारी दी।.

# जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरण

**अनावश्यक विलंब पर संबंधित के विरूद्ध होगी कार्यवाही-कलेक्टर**

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेते हुए विभागवार विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कलेक्टर सिन्हा ने कलेक्टर जनचौपाल में आने वाली मांगों व समस्याओं के संबंध में कहा कि दूर-दराज से लोग अपनी छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय तक आते है, जिनमें से अधिकतर मामलों का स्थानीय स्तर पर निराकरण किया जा सकता है। यह अच्छी बात नहीं है, सभी अधिकारी अपने क्षेत्र के लोगों की इन समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। इसके लिए जरूरी है कि वे दिन और समय निर्धारित कर अपने कार्यालय में उपस्थित रहे। जिससे आने वाले लोग बिना किसी समस्या के आपसे मिलकर अपनी बात रख सके। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का निराकरण करना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए सभी जिला स्तरीय अधिकारी पूरी पारदर्शिता के साथ प्राप्त आवेदनों के प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने सभी अधिकारी को हर सोमवार को अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से बैठने के निर्देश दिए, ताकि मिलने आये आवेदक को परेशानी न हो। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि राज्य शासन द्वारा स्कूलों के जीर्णोद्धार हेतु पूरे प्रदेश में सर्वाधिक लगभग 129 करोड़ की राशि रायगढ़ जिले के लिए जारी किया गया है। यह स्कूलों के जीर्णोद्धार हेतु एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि शिक्षा सत्र की शुरूआत के पूर्व ही जिले के सभी स्कूलों में मरम्मत का कार्य पूरा करना है। स्कूलों में मरम्मत के काम समय-सीमा में गुणवत्ता व पूरी पारदर्शिता के साथ करें।

# सोनसाय नवागॉव लूफा और बेलगहना टीम ने जीत हासिल कर प्री क्वाटर फाइनल में पहुँचा

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



राम प्रसाद मिश्रा फाउंडेशन कोटा व समस्त ग्राम पंचायतवासी नगपुरा नगोई की सयुंक्त मेजबानी में सिद्ध बाबा पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 का आयोजन नगपुरा में किया जा रहा है जिसमे लहंगा भाटा, सोनसाय नवागांव लूफा और बेलगहना जीत दर्ज कर प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया है इस संबंध में जानकारी देते हुए चैयरमेन राम प्रसाद मिश्रा फाउंडेशन कोटा जीवन मिश्रा ने बताया कि विधानसभा अंतर्गत आने वाले बेलगहना जोन के समस्त 32 पंचायतों के मध्य पंचायत स्तरीय सिद्ध बाबा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नगपुरा खेल मैदान में किया जा रहा है बारिश के कारण तीन दिन से मैच प्रभावित रहा और मंगलवार को पहला मैच जे एफ सी लूफा विरुद्ध बिटकुली11 टीम के बीच खेला गया जिसमें लूफा ने पहले बल्लेबाजी करते हुवे निर्धारित 6 ओवर में 87 रन बनाए जीत के लिए मीले 88 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुवे बिटकुली 11 टीम 7 विकेट गवांकर 77 रन ही बना पाई दूसरा मैच बेलगहना विरुद्ध डॉंड़बछाली के मध्य खेला गया जिसमें डॉंड़बछाली ने पहले बल्लेबाजी करते हुवे 44 रन बनाए वही बेलगहना की टीम 3 ओवर में ही 7 विकेट खोकर 45 रन बनाकर मैच जीत लिया और अंतिम मैच सोनसाय नवागॉव विरुद्ध नगपुरा के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुवे सोनसाय की टीम 6 ओवर में 87 रन बनाए 88 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुवे 44 रन बनाकर आल आउट हो गई इस प्रतियोगिता का प्रथम पुरुष्कार 15000 रु व ट्रॉफी व द्वितीय पुरुष्कार 7000 रु व ट्रॉफी अध्यक्ष जिला कबड्डी संघ बिलासपुर व चैयरमेन राम प्रसाद मिश्रा फाउंडेशन कोटा जीवन मिश्रा द्वारा प्रदान किया जाएगा इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए एन आई एस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल, रूप सिंह नेटी, सुनील श्रीवास ,अनूप पैकरा,पंच राम भानु,विमल दास मानिकपुरी,मनराखन दास,किरण दास,मनोज नेटी, लाला राम आदि जुटे हुवे है।

### राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत स्कूली बच्चों का हुआ एक्सपोजर विजिट

100 स्कूली बच्चों ने किया जिले के विभिन्न स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत रायगढ़ जिले में समग्र शिक्षा एवं स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला के निर्देशन में जिले के एलिमेंट्री स्कूल के कक्षा 6 से 8 पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का एकदिवसीय एक्स्पोजर विजिट शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विदित हो कि समग्र शिक्षा एवं स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा कराए गए इस एक्स्पोजर विजिट हेतु जिले के विभिन्न विकास खंडों से लगभग 100 बच्चे सम्मिलित हुए एक्स्पोजर विजिट अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं ने रायगढ़ के प्रसिद्ध स्थलों का भ्रमण किया।

सर्वप्रथम सभी बच्चों ने रायगढ़ के स्थानीय पुरातात्विक संग्रहालय का अवलोकन किया तथा रायगढ़ राजघराने की विरासत एवं रायगढ़ के आसपास के प्रागैतिहासिक काल के तहत विभिन्न स्थलों से प्राप्त वस्तुओं का अवलोकन किया। इसी कड़ी में स्कूली छात्र-छात्राओं ने रायगढ़ जिले के प्रसिद्ध एकताल झारा शिल्प के शिल्प कला व शिल्प सामग्रियों का भी अवलोकन किया।

उक्त एक्स्पोजर विजिट के दौरान बच्चों ने स्थानीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई कॉलेज रायगढ़ का भी भ्रमण किया जहां उन्हें विभिन्न प्रकार के मशीनों कलपुर्जो उनकी उपयोगिता तथा उनके संचालन की बारीकियों से अवगत कराया गया। इसी क्रम में स्कूली बच्चों ने इंदिरा बिहार रायगढ़, कृषि कॉलेज रायगढ़, जिला कलेक्ट्रेट एवं कोसमनारा में सत्यनारायण बाबा धाम का भी शैक्षणिक भ्रमण किया। उक्त शैक्षणिक भ्रमण में सहयोगी शिक्षक के रूप में सौरभ पटेल, सीपी डनसेना, रजनी पटेल, आशा किरण साहू, निशा गौतम, उर्वशी साहू, गोमती पटेल, रविंद्र पटेल, दीपक रात्रे, दीपक पटेल, विकास पटेल व रामचंद्र उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का हुआ शुभारंभ

निजी भूमि में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को मिलेगा बढ़ावा-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





विश्व वानिकी दिवस के मौके पर आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ किया। बघेल ने विधानसभा परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष से योजना का ऑनलाइन शुभारंभ कर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ में वनों के संरक्षण-संवर्धन तथा हरियाली के प्रसार के लिए एक और महत्वपूर्ण योजना साबित होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने की। इस योजना से किसानों के निजी भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा मिलेगा। किसानों को वृक्षारोपण के लिए अनुदान दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस मौके पर वन संसाधन अधिकारों को लोगों तक सुगमता से पहुंचाने के लिए मोबाईल आधारित एफआरए टूल का लोकार्पण किया और वनोपज आधारित अर्थव्यवस्था को गति देने तथा व्यापारियों की सुविधा के लिए छत्तीसगढ़ में नेशनल ट्रांजिट पास सिस्टम का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहीद महेन्द्र कर्मा सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत 1458 हितग्राहियों के खाते में कुल 22 करोड़ रुपए की राशि का ऑनलाइन अंतरण किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना' वाणिज्यिक वृक्षारोपण करने वाले हितग्राहियों के लिए आर्थिक दृष्टि से, पर्यावरण, सॉइल हेल्थ की दृष्टि से महत्वपूर्ण योजना साबित होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के जंगल और यहां की जैव विविधता छत्तीसगढ़ की पहचान है। हमारी कला, संस्कृति, परम्पराएं, दर्शन, चिंतन, आध्यात्म, इतिहास सब कुछ हमारे जंगलों से जुड़ा है। छत्तीसगढ़ के वन पूरे देश की धरोहर है। इन वनों से पूरे देश का पर्यावरण जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे जंगल बचे रहे, हमारा पर्यावरण बचा रहे, जंगल से जुड़ी हमारी गौरवशाली संस्कृति बची रहे और खूब फले-फूले इस दिशा में बीते चार वर्षों के दौरान हमारी सरकार ने लगातार काम किया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि यह योजना देश में एक अनूठी योजना है, जिसमें वाणिज्यिक प्रजातियों का वृक्षारोपण कर निजी व्यक्ति, संस्था अथवा कम्पनियों के माध्यम से अधिकाधिक लाभ कमा सकते हैं। यह केवल वृक्षारोपण की योजना न होकर देश के जलवायु परिवर्तन की दिशा में भी हमारी सहभागिता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

*** किसानों को सलाना प्रति एकड़ 15 से 20 हजार रूपए तक की होगी आय**

*** वनोपज के परिवहन के लिए नेशनल ट्रॉजिट परमिट सिस्टम लांच**

### वृक्ष संपदा योजना पर एक नजर

डीएफओ रायगढ़ स्टाइलो मंडावी ने मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 5 एकड़ तक भूमि पर (अधिकतम 5000 पौधे)पौधों का रोपण हेतु 100 प्रतिशत तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि पर रोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान दिया जाएगा। सहयोगी संस्था अथवा निजी कम्पनियों की सहभागिता से कृषकों को उनके उत्पाद के लिए सुनिश्चित बाजार उपलब्ध होगी तथा शासन पर वित्तीय भार भी कम होगा। टिशू कल्चर सागौन, टिशू कल्चर बांस एवं मिलिया डूबिया वृक्षों के परिपक्व होने के पश्चात् निर्धारित समर्थन मूल्य पर शासन द्वारा क्रय किया जाएगा। इस योजना में सहयोगी संस्था अथवा निजी कम्पनियों की भी सहभागिता होगी। उनके द्वारा वित्तीय सहभागिता के साथ शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर हितग्राहियों के वृक्षों की वापस खरीदी भी की जाएगी।

### रायगढ़ में वृक्षारोपण के लिए 2564 एकड़ भूमि चिन्हांकित

विभागों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ के दोनों वनमंडलों में 2564 एकड़ को वृक्षारोपण के लिए चिन्हांकित किया गया है। जिसमें वन विभाग के तहत 1139, कृषि विभाग के अंतर्गत 957, उद्यानिकी के 270, रेशम विभाग के तहत 198 एकड़ में किसानों द्वारा वृक्षारोपण किया जाएगा।

### बीमा योजना के 84 लाख रुपए वितरित

कार्यक्रम में शहीद महेन्द्र कर्मा सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिला यूनियन अंतर्गत 23 हितग्राहियों को उनके तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के मुखिया की मृत्यु होने पर चौरासी लाख पचपन हजार रुपए की राशि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा ऑनलाइन जारी की गयी। इनमें से कुछ हितग्राही जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित थे। जिन्हे जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल द्वारा चेक प्रदान किया गया।

### नेशनल ट्रांजिट परमिट सिस्टम लॉन्च

मुख्यमंत्री बघेल ने वन विभाग द्वारा वनोपज के परिवहन हेतु तैयार कराए गए नेशनल ट्रांजिट परमिट सिस्टम को लॉन्च किया। इस सुविधा के अंतर्गत आवेदक ट्रांजिट परमिट के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं तथा वन विभाग ऑनलाईन ट्रांजिट परमिट जारी करेगा। अंतरराज्यीय सीमा में नये टी.पी.की आवश्यकता नहीं होगी। मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल एवं जम्मू कश्मीर के बाद छत्तीसगढ़ एनटीपीएस योजना को लागू करने वाला चौथा राज्य बन गया है।

### मोबाईल एप का हुआ लोकार्पण

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक वन संसाधन अधिकार जारी करने की प्रक्रिया को ट्रेक करने हेतु मोबाइल एप का लोकार्पण भी किया। इस मोबाइल एप के उपयोग से सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया सरलीकृत होगी। सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के आवेदन से लेकर अधिकार प्राप्ति तक 12 स्तर की प्रक्रिया है तथा 18 प्रपत्रों में जानकारी भरी जाती है। मोबाइल एप के माध्यम से अधिकार प्राप्त करने की प्रक्रिया का मॉनिटरिंग भी की जा सकती है।

## संजय ने पूरी की अपनी नई फिल्म शूटिंग



संजय दत्त ने अपनी साउथ की आने वाली मूवी की शूटिंग पूरी कर ली है। मूवी की शूटिंग चल रही है और इसके कश्मीर शेड्यूल की शूटिंग हाल ही में पूरी कर चुकी है। शूटिंग खत्म होने के उपरांत संजय दत्त ने कश्मीर के एश्मुकाम दरगाह में शिरकत की और माथा टेका। अभिनेता को अपनी मूवीज में उनकी पर्सनालिटी के हिसाब से रोल्स भी मिल रहे है। अभिनेता अब साउथ की बड़ी मूवी 'लियो' का हिस्सा हैं और इसकी शूटिंग के सिलसिले में वे कश्मीर गए हुए हैं। उन्होंने फिल्म की शूटिंग के बाद एश्मुकाम श्राइन पहुंचे और हजरत जैनुद्दीन वाली की दरगाह में शिरकत की। खबरों का कहना है कि ये वहीं जगह है जहां पर बजरंगी भाईजान मूवी की शूटिंग के बीच सलमान खान भी पहुंचे थे और इस बीच की उनकी फोटोज खूब वायरल हुई थीं।



## रेड कलर के आउटफिट में परी सी खूबसूरत लगीं उर्वशी रौतेला

### तस्वीरों को देखकर फैंस हुए मदहोश

बॉलीवुड की हसीन एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपने ग्लैमरस अंदाज से सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं, लेटेस्ट रेड कलर के आउटफिट में एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने बेहद ही सिजलिंग पोज दिए हैं। उर्वशी रौतेला रेड कलर के थाई हाई स्लिट आउटफिट में कहर बरपाती नजर आ रही हैं। इस आउटफिट में एक्ट्रेस अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही है। डीपनेक आउटफिट और लाइट मेकअप में एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला गजब की बला लग रही हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं। ओपन हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला बेहद ही सिजलिंग पोज देती नजर आ रही हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। उर्वशी रौतेला अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से भरी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। फैंस उनकी खूबसूरती के दीवाने हैं। एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला की खूबसूरती पर फैंस बेशुमार प्यार लुटाते हैं। साथ ही उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। उर्वशी रौतेला ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत एक्शन-रोमांस बेस्ड फिल्म सिंह साहब द ग्रेट से की। बॉलीवुड रैपर हनी सिंह के वीडियो एल्बम लवडोज में उर्वशी काफी कमाल नजर आई थीं। उर्वशी रौतेला फिल्म मस्ती के सीक्वल, ग्रेट ग्रैंड मस्ती, सनम रे और पागलपंती में भी नजर आई हैं। उर्वशी रौतेला का जन्म नैनीताल उत्तराखंड में हुआ। उन्होंने अपने स्कूल के दिनों से ही मॉडलिंग करना शुरू कर दिया था।

## असल जिंदगी में बेहद बोल्ड है सिमरत कौर

### बनेगी सनी देओल की ऑनस्क्रीन बहू



बॉलीवुड एक्टर सनी देओल और अमीषा पटेल एक बार फिर गदर 2 के जरिए सिनेमाघरों में धमाल मचाते नजर आने वाले है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग अभी चल रही और यह इसी साल 11 अगस्त को रिलीज होगी। गदर 2 का प्लॉट तारा के बेटे चरणजीत की लवस्टोरी पर आधारित होगी। गदर 2 में कई नए किरदार भी जुड़े हैं, जिनमें से एक हैं सिमरत कौर।

इस फिल्म में एक्ट्रेस सिमरत कौर तारा सिंह की बहू का किरदार निभाती नजर आएंगी। बता दें कि फिल्म गदर 2 में सिमरत कौर जीते यानी उत्कर्ष शर्मा की पत्नी का किरदार निभाएंगी। आपको बता दे, सिमरत कौर का जन्म 16 जुलाई 1997 में मुंबई में हुआ था। वह एक पंजाबी परिवार से संबंधी रखती हैं। सिमरत कौर कई पंजाबी म्यूजिक एल्बम्स में नजर आ चुकी हैं। सिमरत बुर्ज खलीफा और लारा लप्पा जैसे पंजाबी गानों में नजर आ चुकी हैं। बता दें कि सिमरत कौर ने साल 2017 में तेलुगु फिल्म प्रेमाथो मी से एक्टिंग की दुनिया में अपना पहला कदम रखा था। एक्ट्रेस सिमरत कौर नागार्जुन की फिल्म बंगराजू में कैमियो करती हुई नजर आई थीं। इसके अलावा सिमरत साउथ की कई फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। बता दें कि सिमरत कौर मीका सिंह के गाने तेरे बिन जिंदगी में भी नजर आ चुकी हैं। यह रोमांटिक गाना यूट्यूब पर काफी फेमस हुआ था। सिमरत कौर असल जिंदगी में बेहद ही बोल्ड हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इंस्टा पर सिमरत को 789 के से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। सिमरत की हर एक तस्वीर पर हजारों की संख्या में लाइक्स आते हैं। सिमरत के इन फोटोज पर लोग खूब कमेंट कर रहे हैं। एक्ट्रेस सिमरत कौर फिल्म गदर 2 में लीड किरदार निभाती नजर आएंगी।

## 'हंटर-टूटेगा नहीं तोड़ेगा' में मेरे किरदार से खुद को जोड़ पाएगी हर लड़की : ईशा देओल



बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल ने वेब सीरीज 'हंटर-टूटेगा नहीं तोड़ेगा' में स्वतंत्र पत्रकार की भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए कहा कि हर लड़की उनसे खुद को जोड़ पाएगी, उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी भूमिका के लिए स्टंट करने में मजा आया। उन्होंने कहा: मेरा किरदार दिव्या ऐसा है जिसे हर लड़की प्यार करेगी। वह आत्मविश्वासी, स्मार्ट, मजाकिया है और उसके पास कुछ जबरदस्त एक्शन मूव्स हैं, मेरा मतलब है कि मेरे द्वारा शूट किए गए एक्शन सीक्वेंस ने मुझे एड्रेनालाईन रश दिया और यह एक शानदार संतोषजनक अनुभव था। ईशा ने अपने करियर की शुरूआत 2002 में आफताब शिवदासानी के साथ फिल्म 'कोई मेरे दिल से पूछे' से की थी। बाद में, उन्होंने 'कुछ तो है', 'चुरा लिया है तुमने', 'युवा' में भी अभिनय किया और मल्टीस्टारर फिल्म 'धूम' का हिस्सा रहीं, जिसके बाद 'दस', 'नो एंट्री' जैसी अन्य फिल्मों में काम किया।मनोवैज्ञानिक अपराध थ्रिलर सीरीज 'रुद्र: द एज ऑफ डार्कनेस' का हिस्सा बनने के बाद, अभिनेत्री बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी अभिनीत आगामी वेब सीरीज 'हंटर' में दिखाई देंगी।

ईशा ने वेब सीरीज से जुड़ने की खुशी साझा करते हुए कहा, मैं 'हंटर- टूटेगा नहीं तोड़ेगा' के लिए बहुत उत्साहित हूं, यह एक्शन से भरपूर रोलर-कोस्टर राइड है, जो इमोशन और ड्रामा से भरपूर है..यह काफी मैसी है और किरदार बहुत पेचीदा हैं।

### 100 करोड़ क्लब में शामिल हुई तू झूठी मैं मक्कार

## रणबीर-श्रद्धा की फिल्म ने 11वें दिन की ताबड़तोड़ कमाई





रणबीर कपूर लव रंजन के निर्देशन में तू झूठी मैं मक्कार के जरिये एक बार फिर अपने लोकप्रिय जॉनर में लौटे और उनका यह लौटना उनके लिए और निर्माता-निर्देशक के लिए फायदे का सौदा साबित हुआ। आधुनिक प्रेम को परदे पर किस तरह से पेश करने है यह लव रंजन से ज्यादा कोई नहीं जानता और समझता। अपनी पिछली फिल्मों सोनू के टीटू की स्वीटी और प्यार का पंचनामा के बाद उन्होंने बतौर निर्देशक एक और आधुनिक प्रेम कहानी दी जिसमें उन्होंने युवा पीढ़ी को परिवार का महत्त्व बताया और उनके प्रेम को स्थायित्व प्रदान करने का उम्दा तरीका।

होली 8 मार्च को प्रदर्शित हुई इस फिल्म ने सिनेमाघरों में अपने प्रदर्शन के 11 दिन पूरे कर लिए हैं। इन 11 दिनों में तू झूठी मैं मक्कार ने बॉक्स ऑफिस पर नेट 103.21 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। यह इस वर्ष प्रदर्शित हुई फिल्मों में पठान के बाद दूसरी ऐसी हिन्दी फिल्म है जिसने 100 करोड़ के कारोबार को करने में सफलता प्राप्त की है।

# खेल

### पाक क्रिकेट प्रमुख का दावा

## डिजिटल रेटिंग मामले में पीएसएल ने आईपीएल को पीछे छोड़ा





लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की अंतरिम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नजम सेठी ने दावा किया है कि पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) सीजन ने डिजिटल रेटिंग के मामले में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को पीछे छोड़ दिया है।

सेठी ने कहा कि इस सीजन के पीएसएल को पिछले संस्करण में आईपीएल के 130 की तुलना में 150 की डिजिटल रेटिंग मिली है, जबकि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रशंसकों के साथ-साथ पंजाब और सिंध की संघीय और प्रांतीय सरकारों का आभार व्यक्त किया।

एक नया विकल्प भी पेश किया गया था। 74 वर्षीय ने कहा, हमारे पास संयुक्त राज्य अमेरिका में लीग के कुछ मैच आयोजित करने का प्रस्ताव है और अगर हमें मौका मिलता है, तो हम उस विकल्प का पता लगाएंगे। और जनता की सुविधा के लिए स्टेडियमों के पास खिलाड़ियों के लिए पांच सितारा होटल बनाने के लिए लाहौर और कराची में सम्बंधित अधिकारियों से बात कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे पीएसएल ने प्रभावित किया है और देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने में मदद की है।

सेठी ने सरकार को भुगतान किए गए करों का खुलासा करने से पहले कहा, पीएसएल ने देश के आर्थिक पहिए को आगे बढ़ाने में योगदान दिया है क्योंकि इसने नौकरी के अवसर पैदा किए और पर्यटन, होटल उद्योग, एयरलाइंस और सड़क यात्रा व्यवसाय को बढ़ने में मदद की। डॉन ने बताया, हमने संघीय सरकार को करों में 70 करोड़ रुपये, बिक्री करों में 50 करोड़ रुपये और प्रांतीय करों में 50 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।

*पीएसएल में टीमों को प्रायोजित करने वाली तीन सट्टेबाजी कंपनियों के मुद्दे पर, सेठी ने स्पष्ट किया कि समझौतों की समीक्षा की जाएगी क्योंकि वे पीसीबी प्रमुख के रूप में स्थापित होने से पहले हुए थे। उन्होंने कहा, पीसीबी धर्म, संस्कृति और देश की परंपरा के खिलाफ किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं होगा।*

### एक नजर

## विशाखापट्टनम में स्टार्क का पंजा, भारत 117 रन पर सिमटा



**विशाखापट्टनम ।** ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क (53/5) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत को दूसरे एकदिवसीय मैच में 117 रन पर ऑलआउट कर दिया। भारत की ओर से विराट कोहली ने 35 गेंद पर चार चौकों की सहायता से सर्वाधिक 31 रन बनाये, जबकि अक्षर पटेल 29 गेंद पर 29 रन बनाकर नाबाद रहे। मेज़बान टीम के सात बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके।

स्टार्क ने पिच पर मिलने वाली स्विंग को अच्छी तरह भुनाते हुए आठ ओवर में 53 रन देकर पांच विकेट लिये। उन्होंने अपने एकदिवसीय करियर में नौंवी बार पांच विकेट चटकाये हैं। शॉन एबॉट ने छह ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि नेथन एलिस ने पांच ओवर में 13 रन देकर दो सफलताएं हासिल कीं।

## महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप: जैसमीन और शशि अगले दौर में



**नई दिल्ली ।** 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैसमीन लैम्बोरिया और शशि चोपड़ा ने महिंद्रा आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप ने शानदार जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारत की सबसे कुशल युवा मुक्केबाज़ों में से एक जैसमीन ने 32 बाउट के 60 किग्रा राउंड में तंजानिया की न्यामबेगा बीट्राइस एम्ब्रोस के खिलाफ रेफरी स्टॉपिंग द कॉन्टेस्ट्स (आएससी) जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। हरियाणा की 21 वर्षीय मुक्केबाज़ ने अपने आक्रमण के इरादे से फ्रंट फुट पर शुरुआत की और पहले राउंड में विजेता घोषित होने से पहले केवल 12 सेकंड के भीतर अपने प्रतिद्वंद्वी को रस्सियों से घेरने के लिए मुक्कों की झड़ी लगा दी। टूर्नामेंट की सबसे तेज जीत में से एक के बाद, जैस्मीन अगले दौर में ताजिकिस्तान की समदोवा मिजगोना से भिड़ेंगी। दूसरी ओर शशि ने भी 63 किग्रा वर्ग में केन्या की मवांगी तेरेसिया को 5-0 से हरा दिया। भारतीय खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वी के लिए बहुत मजबूत साबित हुई।

## 253वें एल क्लासिको में बार्सिलोना की 100वीं जीत, रियल मैड्रिड को 2-1 से हराया



ला लीगा लीग में रविवार को एल क्लासिको में बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 2-1 से हराया। इन दोनों टीमों के बीच खेले जाने वाले मुकाबलों को एल क्लासिको भी कहा जाता है। स्पेनिश लीग ला लिगा का यह मुकाबला बार्सिलोना के घरेलू मैदान कैंप नाउ पर खेला गया। बार्सिलोना के लिए सेर्गी रॉबर्ट्स ने 45वें और फ्रैंक केसी ने 90+2वें मिनट में गोल किए। रियल मैड्रिड के लिए एकमात्र गोल रोनाल्ड अराउजो ने मुकाबले के 9वें मिनट में ही किया। दोनों क्लब के बीच यह 253वां मुकाबला था। रियल ने 101 और बार्सिलोना ने 100 मैच जीते हैं।

बार्सिलोना के रोनाल्ड अराउजो ने मुकाबले के शुरुआती 10 मिनट में ही रियल मैड्रिड को एक गोल की बढ़त दिला दी थी। 9वें मिनट में बॉल अराउजो के सर पर लगी और गोल पोस्ट में चली गई। इस तरह अराउजो के आत्मघाती गोल की बदौलत रियल मैड्रिड ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। मैच के हाफ टाइम से पहले 45वें मिनट में बार्सिलोना के रॉबर्ट्स ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद इंजरी टाइम में केसी ने गोल कर टीम को जीत दिला दी। इस रोमांचक मुकाबले में जीत के बाद बार्सिलोना ला लिगा के पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गया है।

### यूपी WPL प्लेऑफ में पहुंचने वाली तीसरी टीम

## गुजरात को 3 विकेट से हराया; ग्रेस हैरिस ने खेली 72 रन की मैच जिताऊ पारी




**मुंबई।** यूपी वॉरियर्ज ने पहली विमेंस प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुजरात जायंट्स को रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही टीम प्ले ऑफ में प्रवेश करने वाली तीसरी टीम बनी। मुंबई और दिल्ली पहले ही क्वालिफाई कर चुकी हैं। लीग की बाकी 2 टीमें बेंगलुरु और गुजरात प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं। ब्रोबार्न स्टेडियम में सोमवार के पहले मुकाबले में गुजरात की कप्तान स्नेह राणा ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में छह विकेट पर 178 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। यूपी वॉरियर्ज को हराने के लिए काफी नहीं था। यूपी की बल्लेबाजों ने 1 बॉल रहते 7 विकेट खोकर इसे हासिल कर लिया। विजेता टीम से ग्रेस हैरिस (72 रन) और ताहलिया मैक्ग्रा (57 रन) ने अर्धशतक जमाए। 179 रन का टारगेट चेज करते हुए यूपी ने 39 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में चौथे नंबर पर खेलने आई ताहलिया मैक्ग्रा और ग्रेस हेरिस ने 53 बॉल पर 78 रनों की साझेदारी कर टीम को 100 पार पहुंचाया। बाकी का काम सोफी एक्लेस्टन (19 रन) ने कर दिया।

# मुख्यमंत्री बघेल ने विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर वृक्ष संपदा योजना का किया शुभारंभ

जशपुर विकासखंड के ग्राम लोखंडी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन





विभिन्न जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों को योजना का लाभ लेने हेतु किया प्रोत्साहित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर विधानसभा परिसर में स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वन मंत्री मोहम्मद अकबर, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी,चंद्रदेव प्रसाद साय उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना के शुभारंभ की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की वन और जैवविविधता हमारी पहचान है। छत्तीसगढ़ के वन देश की धरोहर है। वनों से हमारा पर्यावरण एवं संस्कृति जुड़ी है। हमारा पर्यावरण और वन सुरक्षित रहे इस दिशा में हमारी सरकार द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैदानी क्षेत्रों के लोगों को इस योजना से ज्यादा से ज्यादा जोड़े जाने के लिए प्रयास करने की आवश्यता है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को मैदानी स्तर पर योजना से होने वाले आर्थिक लाभ के बारे में हितग्राहियों को विस्तार से जानकारी देते हुए उन्हें योजना का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित करने कहा। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस योजना से लाभान्वित हो सके। वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ वृक्षों के दृष्टिकोण से संपन्न राज्य है। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा इस योजना के माध्यम से अगले 5 सालों में 1 लाख 80 हजार एकड़ में योजना का क्रियान्वयन किया जाना है। जिसका लाभ प्रदेशवासियों को मिलेगा। गौरतलब है कि यह किसानों की निजी भूमि पर वृक्षारोपण कर ग्रामीणों की आय बढ़ाने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में ग्रीन कवर बढ़ाने की एक महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना अंतर्गत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय, अर्द्ध शासकीय एवं शासन की स्वायत्त संस्थाएए निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाएं पंचायत तथा भूमि अनुबंध धारक इस योजना का लाभ ले सकते है। योजना के तहत हितग्राही की निजी भूमि में 05 एकड़ तक रोपण हेतु 100 प्रतिशत तथा 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र में रोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान शासन द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय किया जाएगा। शासन द्वारा चयनित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम क्रय मूल्य निर्धारित किया जाएगाए जिससे कृषकों को निश्चित आय प्राप्त हो सकें। वनक्षेत्र से बाहर लकड़ी के उत्पादन बढ़ने से काष्ठ आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। योजना अंतर्गत क्लोनल नीलगिरी, टिशू कल्चर बांस,सागौन, मालाबार नीम, चंदन जैसे आर्थिक लाभ देने वाले पौधों का रोपण किया जाएगा। इसी कड़ी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जशपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत लोखंडी में किया गया। कार्यक्रम में लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष मार्शल एक्का, मंडी अध्यक्ष कपिल देव भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष कल्पना लकड़ा, कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, वनमंडलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय, समाजसेवी हीरू राम निकुंज, अजय गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। योजना के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा हितग्राही सुनील सिंह के लगभग 4.5 एकड़ में ;टिशू कल्चर सागौन प्रजाति का पौधरोपण किया गया। जहां 1060 नग सागौन के पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने भी ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पेड़ो के व्यवसायिक उपयोग को बढ़ावा देने हेतु इस योजना का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने वृक्षो से होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए सभी को इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।

वनों की कमी के वजह से पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है जिस कारण कई समस्याएं सामने आ रहे हैं। उन्होंने पौधे लगाकर वृक्षों का संरक्षण करने की बात कही। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ मित्तल ने बताया कि मुख्यमंत्री बघेल द्वारा विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर श्मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने सभी को इस योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जिला वनसंपदा के क्षेत्र में धनी है। यहां पेड़ पौधे प्रचुर मात्रा में है। डॉ मित्तल ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों या पड़ती जमीन में कृषि के साथ साथ इस योजना को संचालित किया जा सकता है। जिससे किसानों को अधिक लाभ होगा। उन्होंने जिलेवासियों से इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने का आग्रह किया। डीएफओ उपाध्याय ने योजना के तहत उपलब्ध कराये जाने वाले विभिन्न पौधों की जानकारी देते हुए इस योजना के लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सभी योजना का लाभ अवश्य उठाएं। 5 एकड़ तक शत प्रतिशत अनुदान है। बॉस और नीलगिरी के पौधे से चार साल बाद लाभ मिलना प्रारंभ हो जाता है। योजना के तहत जिले में कुल 591 हितग्राहियों के 1067 एकड़ भूमि का चयन किया गया है। जहां वर्षा ऋतु के पूर्व विभिन्न प्रजातियों के 2.5 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। योजना के हितग्राही सुनील सिंह ने बताया कि वन विभाग द्वारा उन्हें योजना से प्रतिवर्ष होने वाले आर्थिक लाभ के संबंध में जानकारी दी गई। जिससे प्रेरित होकर उन्होंने अपने 4.5 एकड़ भूमि पर योजना के तहत पेड़ लगाने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि इस योजना से वास्तव में भूमि का उपयोग और आर्थिक लाभ होगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री बघेल को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा सुरक्षा योजना अंतर्गत जिले के 1 हितग्राही मंजीता को 2 लाख का चेक भी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया।

## एक नजर

### अज्ञात कारणों से 45 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जुटी जांच में

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



रतनपुर केरापार निवासी 45 वर्षीय विजय कश्यप पिता बनवारी कश्यप कल रात खाना खाने के बादअपने कमरे में सोने चले गए रात में अपने कमरे में पंखे पर गमछा फांसी लगाकर अपनी लीला समाप्त कर ली सुबह जब उसकी पत्नी उसके कमरे खिड़की से देखा तो उसके पति फांसी के फंदे पर झूल रहा था। जिसकी सूचना उन्होंने अपने पड़ोसी और परिवार वाले दी गई जिसके बाद मोहल्ले वासियों ने पुलिस को सूचना दी जिस पर रतनपुर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक को पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दी गई है अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है रतनपुर पुलिस जुटी जांच में।

### जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजनों हेतु 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत मनोरा विकासखण्ड के ग्राम गोरियाटोली निवासी स्व. रुदन बैरागी की तालाब के पानी में डूबने से 19 फरवरी 2021 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी कबुतरी गिरी एवं सुखनी बैरागी हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

### ग्राम पंचायत खरकट्टा में ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खरकट्टा में ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित कर कुपोषण को दूर करने के उपाय, पौष्टिक आहार, गर्भवती महिलाओं, बच्चों का टीकाकरण, पंजीयन, एनसी जांच, सिकलिन बीमारी से प्रभावित मरीजों को नियमित दवाई सेवन की जानकारीए उच्च जोखिम गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य संबंधित विशेष सलाह, संस्थागत प्रसव के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित करनाए हिमोग्लोबिन जांच, मलेरिया जांच के साथ स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सभी योजनाओं की जानकारी दी जाती है। ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति में महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, सहायिकाओं, मितानिन, सहायिकका और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा गांव वालों को जानकारी दिया जाता है।

### जिला चिकित्सालय में प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को चिकित्सा क्लीनिक का होगा आयोजन

सिकलसेल, थैलेसीमिया, हृदय रोग के मरीज एवं गैर सं ामक रोग से ग्रसित गंभीर मरीजों का किया जाएगा जांच

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला चिकित्सालय जशपुर में प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को प्रात: 10 बजे से सिकलसेल, थैलेसीमिया, हृदय रोग के मरीज एवं गैर संक्रामक रोग से ग्रसित गंभीर मरीजों के जांच एवं उपचार हेतु संगवारी टीम अंबिकापुर के सहयोग से चिकित्सा क्लीनिक का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला नोडल अधिकारी चिरायु, खण्ड चिकित्सा अधिकारी और सभी विकासखण्ड के विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक को सिकलसेल थैलेसीमिया,, हृदय रोग के मरीज एवं गैर संक्रामक रोग से ग्रसित गंभीर मरीजों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए हैं। ताकि क्लीनिक में अधिक से अधिक संख्या में मरीजों को लाभान्वित किया जा सके।

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना:129 करोड़ से संवरेंगे रायगढ़ के स्कूल

99 करोड़ की राशि स्वीकृत, पहले 30 करोड़ रुपए किए जा चुके मंजूर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अगले सत्र से पहले स्कूलों की मरम्मत को शासन ने प्राथमिकता में रखा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वयं इस संबंध में 'मुख्यमंत्री स्कूल जतन' योजना की घोषणा की है। शासन द्वारा स्कूलों का सर्वे कर मरम्मत योग्य स्कूलों की जानकारी मंगाई थी। जिसके आधार पर लोक शिक्षण संचालनालय से बजट जारी कर दिया गया है। खास बात यह है कि जारी बजट में रायगढ़ के स्कूलों के मरम्मत के लिए 97 करोड़ 10 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है। शासन द्वारा पूरे प्रदेश के स्कूलों के लिए 369 करोड़ 83 लाख रुपए जारी किए हैं। जिसमें से एक चौथाई से अधिक राशि रायगढ़ जिले को प्राप्त हुआ है। इसके पूर्व शासन ने स्कूलों के मरम्मत के लिए 10 करोड़ 11 लाख रुपए और 1962 से पहले निर्मित पहले के स्कूलों के लिए 4 करोड़ 8 लाख रुपए स्वीकृत किए थे। इसके साथ ही जिले में सीएसआर से 15 करोड़ 72 लाख और डीएमएफसे 2 करोड़ 01 लाख रुपए की स्वीकृति कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने दी है। इन सभी को मिलाकर जिले के स्कूलों के लिए 128 करोड़ 66 लाख रुपए स्कूलों की मरम्मत के लिए दिए जा रहे हैं।

**स्कूलों में मरम्मत के साथ अतिरिक्त कक्षों का भी होगा निर्माण**

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने अपनी पदस्थापना के साथ ही जिले में शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए विभागीय काम-काज की गहन समीक्षा की। जिसमें स्कूलों में मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष निर्माण की जरूरत प्रमुखता से सामने आयी। जनचौपाल में भी इस बाबत कई आवेदन भी प्राप्त होते रहते थे। इसको देखते हुए कलेक्टर श्री सिन्हा ने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी स्कूलों का सर्वे करवाकर प्रपोजल तैयार करने के लिए निर्देशित किया था। जिसके पश्चात जिले के सभी विकासखंडों में ऐसे स्कूल जिनमें मरम्मत की आवश्यकता है उसकी लिस्ट तैयार कर शासन को भेजा गया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने स्वयं इस कार्य की नियमित समीक्षा की। जिसका परिणाम ये रहा कि रायगढ़ जिले के सर्वाधिक स्कूलों के मरम्मत कार्य प्रस्ताव में शामिल किए गए तथा जारी बजट का लगभग एक तिहाई रायगढ़ जिले को मिला।

**जिले में इतने स्कूलों का होगा कायाकल्प**

शासन द्वारा जारी स्वीकृति आदेश के मुताबिक डीपीआई मद से 1536 स्कूलों के लिए 97 करोड़ 10 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। डीएमएफ से 25 स्कूलों के लिए कुल 1 करोड़ 95 लाख रुपए दिए गए हैं। इसके पूर्व के आदेश मुताबिक 10 करोड़ 11 लाख रुपए की राशि राज्य शासन द्वारा दिया जा रहा है। इस राशि से जिले के 182 स्कूलों में मरम्मत कार्य होंगे तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्ष का निर्माण करवाया जाएगा। इसी के साथ ही 1962 के पूर्व निर्मित स्कूल भवनों के मरम्मत व रखरखाव के लिए 4 करोड़ 8 लाख रुपए दिए जा रहे हैं। अगले शिक्षा सत्र से 31 आत्मानंद स्कूल और प्रारंभ हो रहे हैं इसके उन्नयन के लिए कलेक्टर श्री सिन्हा ने सीएसआर मद से 15 करोड़ 72 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है।

# 28 मार्च को जिला अस्पताल में लगाया जाएगा स्वास्थ्य शिविर

रायपुर एम्स के डॉक्टर मरीजों का नि:शुल्क करेंगे ईलाज



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय.सीमा की बैठक ली। उन्होंने जिले में ब्लड स्टोरेज यूनिट, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति, पेंशन, राशन कार्ड, कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण, मुख्यमंत्री घोषणाओं को अमल और जिले के लिए बजट में शामिल कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों को टीएल के लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने जिले में संचालित किए जा रहे ब्लड स्टोरेज यूनिट के संबंध में जानकारी लेते हुए यूनिट में पर्याप्त मात्रा में सभी ब्लड ग्रुप के रक्त की उपलब्धता रखने के लिए कहा और ई.रक्त कोष में ऑनलाइन अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में आगामी 28 मार्च को स्वास्थ्य शिविर का आयोजना किया जा रहा है। जहॉ रायपुर एम्स के डॉक्टर और विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे और मरीजों का ईलाज करेगें। उन्होंने जनपद सीईओ को भी अपने ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। ताकि अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल के स्वास्थ्य शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, नाक, कान, गला विशेषज्ञ और सर्जन रायपुर से आएंगें। उन्होंने कहा कि बीमारियों से प्रभावित मरीज 28 मार्च को जिला अस्पताल में आकर अपना नि:शुल्क ईलाज करवाएं। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने सभी जनपद सीईओं को रीपा के कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं और समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर विभिन्न रोजगार मूलक कार्यो से जोड़ने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि चिन्हांकित रीपा में निजी उद्योगों को भी जमीन उपलब्ध कराया जाना है। इसके लिए अपने गांव या आस.पास के ऐसे लोग जो उद्योग स्थापित करना चाहते हैं उनकी रूचि के अनुसार डीपीआर तैयार कर लें, ताकि अनुशंसा के उपरांत रीपा के तहत् जमीन उपलब्ध कराई जा सके।



# सकरेली कला में नवधा रामायण का शुभारंभ 23 से

रोशन लाल पटेल के मुख्य आतिथ्य में होगा शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

समीपस्थ ग्राम सकरेली कला में में नवधा रामायण का शुभारंभ 23 मार्च को सायं 7 बजे होगा। मानस गान प्रतियोगिता 1 अप्रैल को तथा सहस्त्र धारा 2 अप्रैल को होगा। सकरेली कला में नवधा रामायण का आयोजन विगत 16 वर्षो से निरन्तर हो रहा है। यहां का नवधा रामायण पूरे क्षेत्र में अपनी विशिष्ट शैली, सुमधुर गायन, वादन और साज सज्जा के विख्यात है। काफ ी दूर-दूर से लोग गागन, वादन और कथा श्रवण के लिए पहुंचते हैं। पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बनता है। 23 मार्च को सायं 7 बजे विशिष्ट अतिथियों एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति में रोशन लाल पटेल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के द्वारा आयोजन का शुभारंभ किया जायेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्या सिदार जिला पंचायत सदस्य, ममता प्रेम पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सक्ती,केवरा गजा लाल साहू जनपद सदस्य, उत्तम लहरे सरपंच तेन्दूटोहा, संजय सिदार सरपंच बोरदा, सुरिती जायसवाल सरपंच जुड़गा, डमरू धर पटेल शिक्षक आमापाली, प्रकाश अग्रवाल सक्ती, सुशीला गबेल जांजंग, एवं मनोहर लाल पटेल सेवा निवृत्त शिक्षक उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष यशवंत साहू, सरपंच डमरू धर साहू, संरक्षक रामानुज साहू, उपाध्यक्ष लोकनाथ पटेल, कोषाध्यक्ष रामप्रसाद पटेल एवं ग्राम वासी आयोजन की सफलता के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। ग्राम वासियों के द्वारा अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है।



**विगत 16 वर्षो से हो रहा आयोजन**

**पूरे क्षेत्र में विख्यात सकरेली कला का नवधा रामायण**

# उप स्वास्थ्य केंद्र पालीडीह में शिशु संरक्षण माह का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।



जशपुर जिले के पत्थलगांव ग्राम पंचायत पालीडीह के घुटरीपारा के आंगनबाड़ी में उप स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया गया जिसमें सभी मितानिन स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। जिसमें 0 से 5 साल के बच्चों का टीकाकरण कर 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन, का खुराक दिया गया तथा 6 से 5 साल के बच्चों को आयरन के सिरफ पिलाए गए जिसमें मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं के जांच कर टीकाकरण बीपी,शुगर, एचबी टेस्ट भी कराया गया। शिशु संरक्षण माह में स्वास्थ्य कर्मी के द्वारा कुपोषित बच्चों को चिन्हआकित कर एन आर सी पत्थलगांव में जाने के सलाह दिए गए। कुपोषित बच्चों को पोषण आहार के बारे में स्वास्थ्य शिक्षा के जानकारी दी गई जिसमें स्वास्थ्य कर्मी प्रधान ने जनकारी देते हुए बताया की शुरूआती दो सालों में जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है, वह खांसी, जुकाम, दस्त जैसी बीमारियों से बार.बार ग्रसित होता है। बच्चे को इन संक्रमणों से बचाने और लड़ने के लिए पौष्टिक आहार की जरूरत होती है। यदि छह माह के बाद बच्चा सही ढंग से ऊपरी आहार नहीं ले रहा है तो वह कुपोषित हो सकता है। कुपोषित बच्चों के संक्रमित होने का खतरा ज्यादा रहता है। बच्चों को ताजा व घर का बना हुआ भोजन ही खिलाना चाहिए। मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सहायिकाओं द्वारा बच्चों को दवाई पिलवाकर अभियान को सफल बनाया जाएगा।

शिशु संरक्षण माह में शिशु स्वास्थ्य के संवर्धन से संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गतिविधियों के संचालन और सेवाओं की प्रदायगी का सुदृढ़ीकरण भी किया जा रहा है। शिशु के अच्छे शारीरिक और मानसिक विकास तथा संक्रमण से बचाव के लिए पौष्टिक आहार जरूरी है। छह माह के बच्चे को स्तनपान के साथ पूरक आहार अवश्य देना है।

शिशु एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम राज्य में सुपोषण सुनिश्चित करने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अलग-अलग कार्यक्रमों के जरिए पौष्टिक आहार और गर्म भोजन देने का प्रावधान है। इस कार्यक्रम के अनुपूरक के रूप में शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जाता है जो कि बच्चों को कुपोषण एवं एनीमिया से बचाने में काफी मददगार है। शिशु संरक्षण माह के दौरान छह माह से पांच साल तक के बच्चों को मितानिनें गृह भ्रमण कर सप्ताह में दो बार आईएफ ए सिरप पिलाएंगी।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संगठन का काम बंद कलम बंद जारी

## पूरे प्रदेश के 11646 सचिव बैठे हड़ताल पर

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




प्रदेश पंचायत सचिव संगठन छत्तीसगढ़ के आह्वान पर पंचायत सचिव अपने एक सूत्रीय मांग परीविक्षा अवधि पश्चात शासकीयकरण को लेकर छत्तीसगढ़ के सभी ब्लॉक मुख्यालय में काम बंद कलम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठने से पूरा प्रदेश के 11644 पंचायत कार्यालय में ताला लटका हुआ है। लखेश्वर यादव प्रांतीय सचिव द्वारा बताया गया कि चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने घोषणापत्र में शासकीयकरण करने का वादा किया गया था मुख्यमंत्री द्वारा उनके निवास में पंचायत सचिवों के प्रतिनिधि मंडल से 24 जनवरी 2021 को पंचायत सचिवों का दिसंबर 2021 तक शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। पंचायत सचिव शिक्षक सम्मेलन इंडोर स्टेडियम रायपुर में 29 मार्च 2022 को मुख्यमंत्री द्वारा मंच से पंचायत सचिव का शासकीयकरण करने हेतु घोषणा किया गया था। पंचायत मंत्री रविंद्र चौबे द्वारा 17 फरवरी 2023 को पंचायत सचिव के 70 से अधिक प्रतिनिधि मंडल के समक्ष शासकीयकरण आगामी बजट में पूर्ण करने हेतु आश्वस्त किया गया था परन्तु छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 6 मार्च 2023 को प्रस्तुत बजट में पंचायत सचिवों शासकीयकरण का कोई प्रावधान नहीं होने से 10568 पंचायत सचिव व उनके परिवार दुखी एवं आक्रोश हैं। छग के सम्मानीय 70 विद्यायक गण द्वारा भी पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने हेतु अनुशंसा किया गया है। छग में कार्यरत पंचायत सचिव 29 विभाग के 200 प्रकार के कार्य को जमीनी स्तर पर पूर्ण ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए राज्य शासन एवं केंद्र शासन के समस्त योजनाओं को लोकतंत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने का अतिमहत्वपूर्ण कार्य को कर रहे है।राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना जैसे गोधन न्याय योजना,;नरवा,गरूआ,घुरवा,बाड़ी ,राजीव गांधी किसान न्याय योजना,राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना,मनरेगा,प्रधानमंत्री आवास,पेंशनएसहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करते आ रहे है। छग में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यस्था जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत स्तर में कार्यरत अधिकारीध्कर्मचारी शासकीय सेवक है। परन्तु पंचायती राज की बुनियाद आधार स्तंभ ग्राम पंचायत में कार्यरत पंचायत सचिव 27 वर्ष बाद भी शासकीय सेवक नही है।पंचायत सचिवों को विभाग में कार्य करते हुए 27 वर्ष से अधिक हो गया हैएसचिवों के साथ नियुक्त अन्य विभाग के कर्मचारी जैसे शिक्षाकर्मीध्वनकर्मीध्लोकनिर्माण विभाग के कर्मी को शासकीयकरण कर दिया गया है परंतु सचिवों को शासकीयकरण से वंचित है।'

प्रदेश में कार्यरत 10568 पंचायत सचिव में से 15 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके 7184 पंचायत सचिवों को शासकीयकरण का वेतनमान 5200.20200 ग्रेड 2400 मिल रहा है एवं 15 वर्ष के कम सेवावधि वाले पंचायत सचिव जिनकी संख्या 3384 को 3500.10000 ग्रेड 1100 का वेतनमान मिल रहा है।राज्य सरकार के कर्मचारी शासकीय कर्मचारी नही होने से शासकीय सेवक की भांति अन्य सुविधा जैसे ओपीएस चिकित्सा भत्ता, अर्जित अवकाश टीए,क्रमोन्नति.पद्दोन्नति,बीमा,ग्रेजयुटी से वंचित है। परिवीक्षा अवधि पश्चात सचिवों के शासकीयकरण करने से वार्षिक वित्तीय भार 75 करोड़ अल्प मात्र आएगा। पंचायत सचिवों के हड़ताल में चले जाने से शासन के महत्वकांक्षी योजना गोबर खरीदी,रीपा कार्य,गौठान के समस्त कार्य,मनरेगा के कार्य,जन्म.मृत्यु पंजीयन, राशनकार्ड,प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण,सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तरर्गत वृद्धावस्था पेंशन,विधवा पेंशन,दिव्यांग पेंशन,सामाजिक सुरक्षा पेंशन,सुखद सहारा पेंशन,मुख्यमंत्री पेंशन,राष्ट्रीय परिवार सहायता,श्रद्धांजलि योजना,पेयजल व्यस्था,शौचालय निर्माण,वन अधिकार पट्टा वितरण,स्वामित्व योजना सर्वेक्षण,ग्राम सभा,बजट निर्माण,समस्त निर्माण कार्य एवं वित्तीय वर्ष के अंतिम माह होने से लेखा जोखा के कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित है।

## एक नजर

### नवागढ़ तहसील का दफ्तर स्वच्छता अभियान को दिखा रहा ठेंगा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

नवागढ़ ब्लॉक मुख्यालय में स्थित तहसील कार्यालय का शौचालय की दयनीत स्थिति स्वच्छता अभियान की पोल खोलती नजर आ रही है। तहसील कार्यालय नवागढ़ का आवक जावक शाखा के सामने बने हुवे शौचालय में साफ-सफाई कों लेकर गंभीर नहीं ऐसा प्रतीत हो रहा है। कार्यालय के अंदर स्थित शौचालय गंदगी से भरा हुआ है। टॉयलेट सीट टूट कर जर्जर हो गई है। निमित्त सफाई ना होने के कारण बहुत बदबू आ रही है जिस कारण वहा ठहर पाना अपने आप में स्वच्छता के नाम पर चुनावती से बड़ी नहीं और साथ हि बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है।



### कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने राजस्व एवं आबकारी प्रकरणों की सुनवाई की

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़.बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा ऑलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट के न्यायालय कक्ष में राजस्व एवं आबकारी के 22 प्रकरणों की सोमवार को सुनवाई की। जिन प्रकरणों की सुनवाई की गई उनमें ग्राम सिंघनपुर, लेन्धरजोरी, भराली, गौरडीह, मौहापाली, खरवानी, रेड़ा, छेवारीपाली, कोसीर, परसदा बड़े, लोधिया, चंदई, साल्हेओना, बोंदा, बटाउपाली, सलौनीकला, परसाडीह, गाड़ापाली सहित सरसींवा और सारंगढ़ के प्रकरण शामिल है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सन्ना में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

#### शासकीय कर्मचारियों एवं स्थानीय युवाओं ने उत्साह पूर्वक किया रक्त दान

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला प्रशासन और कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के सार्थक प्रयास से जशपुर जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ब्लड स्टोरेज यूनिट स्थापित किए गए हैं। जिनके सुचारू रूप से संचालन हेतु पर्याप्त मात्रा में रक्त की उपलब्धता हेतु जिले के विभिन्न विकासखण्डों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिससे जरूरतमंद मरीजों को पर्याप्त मात्रा में ब्लड उपलब्ध कराई जा सके। इसी कड़ी में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सन्ना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जहॉ शासकीय कर्मचारी एवं स्थानीय युवाओं द्वारा उत्साह पूर्वक रक्तदान किया जा रहा है। शिविर में 12 लोगों के द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया गया।




# बाज़ार मेंखपाई जा रही नकली मास्किटो वेपोराइजर, कंपनी के अधिकारी की शिकायत पर चार व्यापारी गिरफ्तार

**भिलाई** । नकली मास्किटो वेपोराइजर खपाने वाले चार व्यापारियों को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चारों आरोपित गोदरेज कंपनी की गुड नाइट लिक्विड मास्किटो वेपोराइजर गोल्ड फ्लैश का नकली उत्पाद मार्केट में खपा रहे थे। कंपनी के अधिकारी की शिकायत पर छावनी पुलिस ने चारों दुकानों में छापा मारा और मौके से 63 हजार 910 रुपये का मास्किटो वेपोराइजर जब्त किया है। आरोपियो के खिलाफधोखाधड़ी और कापीराइट एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। नकली मास्किटो वेपोराइजर का कारोबार करने वाले चार गिरफ्तार पुलिस ने बताया कि लिंक रोड पावर हाउस स्थित आरती ट्रेडर्स के संचालक रमेश चंद्र दुबे, अजीत किराना स्टोर के संचालक अजीत चौहान, जय स्टेटस के संचालक अमर बजाज और बजरंग किराना स्टोर के संचालक महेश अग्रवाल को नकली मास्किटो वेपोराइजर बेचते हुए गिरफ्तार किया गया है। चारों आरोपित मार्केट के होल सेल विक्रेता हैं और ये लोग गोदरेज कंपनी की गुड नाइट लिक्विड मास्किटो वेपोराइजर गोल्ड फ्लैश का नकली उत्पाद खपा रहे थे। मेसर्स गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड फिरोजशाह नगर ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे विखरोली ईस्ट के अधिकृत अधिकारी चेतन रेगे निवासी सात धनलक्ष्मी नगर निपानिया इंदौर मध्यप्रदेश की शिकायत पर छावनी पुलिस ने चारों दुकानों में दबिश दी।

# ग्राम परपोड़ा के पटईल बाड़ा चौक में रंग तेरस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



जिले के कई क्षेत्रों में होली से भी ज्यादा रंगतेरस का उत्साह रहता है। सुबह से ही लोग घरों से बाहर निकलने शुरु हो जाते है और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व बधाई देते रहे, बच्चे भी अपने छोटे-छोटे मित्रों के साथ पिचकारियों व रंगों से भिगोते रहे। नीरज सिंह ने बताया कोरोना काल मे दो वर्ष तक होली नही खेली जाने से युवकों में इस बार होली खेलने को लेकर उत्साह नजर आया। रंग तेरस के त्यौहार को पटईल बाड़ा चौक में बड़े धूम धाम व हर्षोल्लास के रूप में मनाते है। इस वर्ष भी कार्यक्रम की शुरुवात सभी एकत्र होकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंग तेरस की बधाई दिया गया साथ ही पेंड्री से आये आदर्श फाग मंडली कलाकारों का गुलाल लगाकर रंग तेरस की बधाई देते हुए सादर मंच सौपा गया ग्रामवासी बड़े आनंद से फाग मंडली को सुन रहे थे कुछ लोग फग की धुन में थिरक रहे थे जैसे ही कार्यक्रम अपने शबाब था वैसे ही बारिश ने कार्यक्रम में खलल डाली परन्तु जितने देर कार्यक्रम चला पेंड्री फाग मंडली सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर भूपत सिंह,जगदीश सिंह,मुन्ना सिंह,राजेश सिंह प्रीतम सिंह चन्देल,सुनील सिंह,पवन सिंह,अरविंद सिंह,युवराज सिंह, अनिल सिंह,अजय सिंह ,बीरेंद्र सिंह,राकेश सिंह,नीलेश सिंह, प्रतीक सिंह,नरेंद्र सिंह,मनीप्रसाद जोशी,निखिल सिंह,सत्यम सिंह,आस्था राजपूत,आनिया राजपूत,ओमप्रकाश साहू,बबला साहू,कुलेश्वर निर्मलकर,बहल निषाद,चिंता साहू,दिलीप यादव,दुर्गा शिवारे मनहरण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

# कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने बरमकेला के रीपा गौठानों का किया निरीक्षण

## निर्माण कार्यों को 25 मार्च के पहले पूर्ण करने के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।



कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी द्वारा जिले के गौठानों के निरीक्षण के क्रम में बरमकेला विकासखण्ड के रीपा गौठानों का निरीक्षण किया गया। बरमकेला के सहजपाली एवं कंडोला स्थित गौठानों को रीपा गौठान हेतु चयनित किया गया है। बरमकेला के सहजपाली गौठान में शेड निर्माण किया जा रहा है जिसमें क्रमशः थैला,कैरी बैग एवं मछली पालन का कार्य प्रस्तावित है। कंडोला गौठान में थैला,कैरी बेग, पेवर ब्लॉक और सीमेंट पोल हेतु शेड निर्माण का कार्य प्रस्तावित है। कलेक्टर ने आगामी 25 मार्च के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए शेष कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। 25 मार्च को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा रीपा के कार्यों का वर्चुवल शुभारंभ किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर डॉ सिद्दीकी द्वारा लगातार शासन की फ्लैगशिप योजनाओं पर प्राथमिकता से कार्य करने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है एवं कार्यों का नियमित अपडेट लिया जा रहा है। जिले में रीपा योजना अंतर्गत सभी जनपदों में निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इन्हीं कार्यों के निरीक्षण हेतु आज कलेक्टर जिले के रीपा गौठानों के दौरे पर रहीं। इस अवसर पर सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा, बरमकेला सीईओ नीलाराम पटेल,संबंधित ग्रामीण विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी एवं गौठान समिति के सदस्य उपस्थित रहे। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना श्महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना के अंतर्गत सभी जिलों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के चयनित गौठानों को आजीविका के केन्द्र के रूप में विकसित करने की कवायद जारी है। गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट, मुर्गी पालन, बकरी पालन, कृषि उत्पादों और वनोपजों के प्रसंस्करण एवं ग्रामोद्योग संबंधी कार्य किये जाने हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बड़ी संख्या में स्व.सहायता समूह की महिलाओं और ग्रामीण युवाओं को रोजगार और आय के अवसर प्रदान करने की सरकार की मंशा है।



# सखी वन स्टॉप सेंटर के 6 वर्ष हुए पुरे,1212 प्रकरण किये गये दर्ज 1161 का हुआ निराकरण

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

विपत्ति ग्रस्त महिलाओं को आपातकालीन सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से सखी वन स्टॉप सेंटर का संचालन जिले में 10 मार्च 2017 से निरंतर किया जा रहा है। सखी वन स्टॉप सेंटर का मुख्य उद्देश्य सभी आयु वर्ग की महिलाओं को घर के भीतर व बाहर घरेलु हिंसा, लैंगिक हिंसा, टोनही प्रताड़ना, आदि जैसे अपराधों के विरूद्ध एक ही छत के नीचे सलाह, संरक्षण व मार्गदर्शन प्रदान करना है। सखी वन स्टॉप केन्द्र 24 घंटे 7 दिन निरंतर सेवा हेतु तत्पर है। केन्द्र द्वारा पीड़ित महिलाओं को आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय परामर्श,काउंसलिंग, विधिक सहायता, पुलिस सहायता एवं आश्रय प्रदान किया जाता है। केन्द्र प्रशासक कु तुलिका परगनिहा ने जानकारी देते हुए बताया कि सखी वन स्टॉप सेंटर में फरवरी 2023 तक 1212 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसमें 1161 प्रकरण निराकृत कर 51 प्रकरण लंबित हैए वर्तमान तक 478 पीड़िताओं को आश्रय सुविधाए 183 पुलिस सुविधा, 272 चिकित्सा सुविधा, 94 विधिक सुविधा उपलब्ध करवाया जा चुका है। वर्तमान तक 602 काउंसलिंग किया गया हैए जिसमें से कई प्रकरणों में काउंसलिंग कर घरेलु विवाद से अलग हुए पति-पत्नि को एक किये जाने में सखी सेंटर की अहम भुमिका रही है एवं 52 भटकती अवस्था में मिली महिलाओं से 45 को उनके परिजन से मिलवाया गया अन्य महिलाएं बलिकाएं को अन्य आश्रय गृह आश्रय हेतु भेजा गया। सखी वन स्टॉप सेंटर में सबसे अधिक दर्ज होने वाले प्रकरण घरेलु हिंसा से संबंधित है, जो कि 532 है। जिनमें से 359 पीड़िताओं को काउंसलिंग सुविधा उपलब्ध करवाया गया है एवं 65 पीड़िताओं को आश्रय सुविधा उपलब्ध करवाया गया है। सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा मानसिक विक्षिप्ता से संबंधित 30 प्रकरण दर्ज किये गये है। जिनमें से 15 को चिकित्सकीय ईलाज हेतु राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी, बिलासपुर भेजा गया एवं अन्य पीड़िताओं को जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार से परिक्षण करवाकर उनके परिजन के सुपुर्द करवाया गया। विगत 6 वर्षों से केन्द्र प्रशासक कु तुलिका परगनिहाए परामर्शदाता कविता वर्मा, केस वर्कर ज्योति तांडी, तमन्ना जांगड़े, नीलम साहू,चंचल शर्मा, आईटीवर्कर सोनचंद घृतलहरे, बहुद्देशीय कार्यकर्ता पांचो साहु, अंजु पटेल, विद्या साहु एवं दिव्या कैवर्त्य सखी सेंटर में अपनी सेवाएं दे रही है। पीड़ित महिलाएँ सखी वन स्टॉप सेंटर से संपर्क न.7089383268 एवं महिला हेल्पलाइन 181;टोल फ्री नं, के माध्यम से संपर्क कर सकती है। सखी वन स्टॉप सेंटर अपने उद्देश्यों को पूरा करने में सफल रही है एवं पीड़ित महिलाओं के लिए एक वरदान बनकर सामने आ रही है। कलेक्टर ने दी बधाई कलेक्टर रजत बंसल ने सखी सेंटर के 6 वर्ष पूरे होने पर सखी सेंटर के सभी कर्मचारियों को बधाई दिए है। उन्होंने कहा आप सभी इसी तरह पूरी लगन एवं मेहनत के साथ कार्य करते है। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी एल आर कच्छप ने भी सखी सेंटर के 6 वर्ष होने पर शुभकामनाएं संदेश प्रेषित किए है।




# कलेक्टर के नेतृत्व में रिमझिम बारिश में भी हुई विशेष सफाई अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़.बिलाईगढ़।



स्वच्छता के प्रति अपनी सामाजिक दायित्व को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर डॉण् फरिहा ऑलम सिद्दीकी के नेतृत्व में आज प्रातः 7 बजे भारत माता चौक से बस स्टैंड परिसर तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने राजेन्द्र होटल के संचालक को होटल के कचरे को निर्धारित स्थानों में फेंकने और होटल सहित बस स्टैंड को स्वच्छ रखने के लिए कहा। सफाई अभियान में जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण, सम्मानीय नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारी, नगरपालिका सारंगढ़ के सफाई कर्मचारियों ने सड़क को झाड़ू से साफ किया। वहीं सफाई कर्मचारियों ने कचरे से बंद हो गई नाली के कचरे को साफ किया। स्वच्छ सारंगढ़ की थीम पर सामूहिक विशेष सफाई अभियान संपन्न हुई। इस अभियान में पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर भागवत जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े, एसडीएम सारंगढ़ मोनिका वर्मा, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सारंगढ़ मनीष गायकवाड़, सीएमएचओ डॉ. एफ आर निराला, जिला श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष यशवंत सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार भरत अग्रवाल,दीपक थवाईत, समाजसेवी सतीश यादव आदि शामिल थे।




# बिहान योजना के कर्मचारी पहुंचे पुलिस कार्यालय

## पंडित श्रवण कुमार दुबे ने दीया समर्थन का आशवासन

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।





जिला बलौदाबाजार भाटापारा अंतर्गत कार्यरत एनआरएलएम बिहान योजना से जुड़े महिला कर्मचारी एवं समूह के बहनो द्वारा पंडित श्रवण कुमार दुबे समुद्र शास्त्र विद् के साथ अपने विभिन्न मांगो को लेकर उप पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह से सौजन्य मुलाकात कर ज्ञापन सौंपे। बिहान योजना से जुड़े महिला बहनों के द्वारा अवगत कराया गया की वे विगत लंबे समय से बहुत कम मानदेय पर फील्ड वर्क कर रहे हैं जिससे उनकी कमाई का आधा पैसा आवागमन में ही खर्च हो जाता है। और बिहान योजना से जुड़े महिला कर्मचारी एवं समूह के बहनों के द्वारा कई तरह के सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को संचालन करने एवं उसे प्रचार-प्रसार करने से लेकर कार्यप्रणाली करने तक की जिम्मेदारी भी होती है बच्चों के जन्म प्रमाण सुकन्या योजना जैसी कई तरह की योजनाएं भी बहनों के द्वारा की जाती है जैसी समस्याओं सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर आज जिला पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपे। जिसमें नियुक्ति पत्र प्रदान कर, नियमितीकरण करना, प्रतिमाह मानदेय देने, व मानदेय में वृद्धि करने ए संबंधी मांग उनके द्वारा ज्ञापन में किया गया। विश्व हिंदू सेवा दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं विश्व परमार्थ संस्था के उपाध्यक्ष पंडित श्रवण कुमार दुबे ने कहा कि जिस प्रकार से राज्य सरकार ने आंगनवाड़ी की कार्यकर्ताओं को जो लाभ दिया और उसे बजट में शामिल करके उन्हें उपहार दिया उसी प्रकार से भी बिहान योजना के महिला कर्मचारियों के द्वारा जो मांग है उसे भी राज्य सरकार को पूरा करनी चाहिए ताकि वह भी अपनी आजीविका को अच्छे सुव्यवस्थित ढंग से चला पाय और उनकी मांग भी पूर्ण की जाए। एनआरएलएम बिहान योजना के महिलाओं के द्वारा बताया गया कि कैसे महिलाएं अपने घर का देखरेख करती है और अपने बच्चों को छोड़कर भी अपने काम पर आती है और धरातल से जुड़ी हुई कई सारे विभिन्न प्रकार की कार्यप्रणाली को करते हैं और सबसे बड़ी बात यह है कि महिलाएं होकर भी घर के बाहर कार्य कर रही है और शासन से जुड़ी हुई हर योजनाओं को भी कार्य कर रही है उन्होंने यह भी कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक के कार्यों को भी हम करते हैं जैसे कि बेटी जन्म लेती है तो उसके लिए सुकन्या योजना और अगर मृत्यु होता है तो उसे हम अटल पेंशन के द्वारा भी बीमा का लाभ पहुंचा रहे हैं और जो महिलाएं समूह से जुड़ी हुई है उसे भी हम जोड़कर लाभ पहुंचा रहे हैं और उसे आजीविका भी देना रहे हैं और उसे कम दर पर ब्याज देने के लिए लोन बैंक से दिलवा रहे हैं उपरोक्त बातें उप पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह से बिहान योजना के महिला कर्मचारियों के द्वारा बताई गई।

# जिला स्तरीय मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना की महत्वपूर्ण वर्चुअल मीटिंग

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।





विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर धरमजयगढ़ के जनपद पंचायत सभा कक्ष में सरकार की महत्पूर्ण योजना वृक्ष सम्पदा योजन की वर्चुअल मीटिंग रखी गई जिसकी शुरुवात पूजा अर्चना कर अतिथियों को पौधा भेंट कर कि गई बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा योजना का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा गया की वृक्षों का मानव जीवन में कितना अहम योगदान है वहीं व्यवसायी उपयोग को बढ़ावा देने की संभावनाओं के तहत राज्य सरकार इस योजना का शुभारंभ की हैं। वर्चुअल बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी एवं क्षेत्र के वनसमिति अध्यक्ष और तमाम ग्रामीणों में वन विभाग की ओर से योजना से जुड़े महत्वपूर्ण लाभदायक जानकारी साझा की गई साथ ही इसके अनेकों महती फायदे भी बताए गए। वहीं धरमजयगढ़ वनमण्डलाधिकारी अभिषेक जोगावत ने बताया की धरमजयगढ़ में मौजूदा वक्त में 21 जगह योजना के तहत पौध रोपड़ किया गया है इसमें क्लोनल नीलगिरी, टिशू कल्चर बांस,टिशु कल्चर सागौन,साधारण सागौन प्रजाति के पौधे शामिल हैं।

बैठक में योजना के संबंध में विस्तार से बताया गया पात्र हितग्राहियों को पांच एकड़ तक भूमि पर ;अधिकतम पांच हजार पौधों के रोपण के लिए शत प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इसी तरह पांच एकड़ से अधिक भूमि होने पर प्रति एकड़ अधिकतम एक हजार पौधे हेतु पात्र हितग्राहियों को वन विभाग द्वारा निर्धारित वित्तीय अनुदान का 50 प्रतिशत ही दिया जाएगा तथा शेष राशि किसानों को स्वयं वहन करना होगा। निजी शिक्षण संस्थाएं,निजी ट्रस्ट,पंचायत,भूमि अनुबंध धारक, गैर शासकीय संस्थाएं जो अपने भूमि में रोपण करना चाहते हैं। उनके रोपण के लिए वन विभाग द्वारा निर्धारित अंशदान का 50 प्रतिशत राशि दिया जाएगा।

योजना के तहत रोपण से संबंधित सभी कार्य हितग्राही द्वारा किया जाएगा। हितग्राहियों के चाहने पर सभी आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन एवं समन्वय वन विभाग द्वारा किया जाएगा।आज के इस वर्चुअल मीटिंग में जनपद पंचायत अध्यक्ष पुनीत राठिया जनपद उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल स्थानीय कांग्रेसी नेता वन विभाग के डीएफओ एसडीओ धरमजयगढ़ एसडीएम जनपद सीईओ समेत तमाम आलाधिकारी कर्मचारी एवं समिति अध्यक्ष सरपंच और ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### थाना धरमजयगढ़ में शांति समिति की बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ थाने में शांति समिति की बैठक रखी गई थी। नवरात्रि, रामनवमी, हिंदू नववर्ष, रमजान माह के मद्देनजर यह बैठक रखी गई थी। थाना प्रभारी सीताराम ध्रुव ने कहा कि एसएसपी सदानन्द कुमार एवं एसडीओपी दीपक मिश्रा द्वारा आगामी त्योहार को शांति पूर्वक मनाने का संदेश दिया गया है। आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी, नवरात्र एवं रमजान मनाएं। बैठक में उपस्थित लोगों ने बताया कि हिंदू नववर्ष के दिन बाइक रैली निकाली जाएगी। वहीं रामनवमी के दिन भव्य शोभायात्रा निकलती है। ध्रुव ने कहा कि बाइक रैली को व्यवस्थित ढंग से सावधानी पूर्वक निकालें जिससे आमजनता को कोई परेशानी न हो। बैठक में जनप्रतिनिधिए गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण उपस्थित रहे।

### निगम का बजट एम.आई.सी.से पारित, साधारण सभा की ओर अग्रेषित

महापौर की अध्यक्षता एवं आयुक्त की उपस्थिति में सम्पन्न हुई निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक

**कोरबा** । नगर पालिक निगम कोरबा का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2022-23 एवं बजट वर्ष 2023-24 सर्वसम्मति से मेयर इन काउंसिल से पारित होकर साधारण सभा की ओर अग्रेषित किया गया, वहीं नागरिक सेवाओं व सुविधाओं, विकास व निर्माण कार्यो सहित निगम के विविध कार्यो से संबंधित लगभग 02 दर्जन से अधिक प्रस्तावों पर भी मेयर इन काउंसिल ने विस्तृत चर्चा उपरांत आवश्यक निर्णय लिए। महापौर राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता एवं आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय की उपस्थिति में आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित एम.आई.सी.सभा कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिक निगम कोरबा का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2022-23 एवं बजट वर्ष 2023-24 मेयर इन काउंसिल के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। मेयर इन काउंसिल द्वारा उक्त बजट प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित करते हुए आवश्यक स्वीकृति हेतु साधारण सभा की ओर अग्रेषित किया।

## जिले के चराईडाड़ हाटबाजार क्लिनिक के लिए स्वास्थ्य कुटीर बनकर तैयार

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



* मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना का अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने के लिए जिले में 76 स्वास्थ्य कुटीर बनाया जा रहा
* अब डॉक्टरों के साथ इलाज करवाने वाले मरीजों को हवा पानी धूप से मिलेगी मुक्ति

जिला प्रशासन और कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के मार्गदर्शन और जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव के दिशा निर्देश में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना के तहत लोगों को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए जिले में 112 हाट बाजार क्लिनिक लगाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा मनरेगा के तहत डॉक्टरों के बैठने के लिए स्वास्थ्य कुटीर भी बनाया जा रहा है। ताकि डॉक्टर और स्वास्थ्य अमला को इलाज करने में कोई परेशानी न होने पाए और बरसात हवा पानी से सुरक्षित रह सके। ताकि मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके। उल्लेखनीय है कि जिले के चराईडाड़ हाट बाजार में स्वास्थ्य कुटीर बनकर तैयार इसी प्रकार जिले के विभिन्न विकास खंड में 76 हाटबाजार में स्वास्थ्य कुटीर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## मारपीट मामले में फरार स्थाई वारंटी को रैरूमा पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



मारपीट मामले में फरार स्थाई वारंटी को रैरूमा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अपराध क्रमांक 110/22 धारा 294, 506, 323, 34 भादवि मामले में आरोपी स्थाई वारंटी लक्ष्मण यादव पिता त्रिलोचन यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पुणे जाने के फिराक में जयबाला जी बस से खरसिया जा रहा था। तभी मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली। रैरूमा पुलिस ने तत्काल छाल पुलिस से संपर्क कर आरोपी को बस से गिरफ्तार किया। मामला सोहनपुर लालमाटी का है। जिसमें प्रार्थी ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि 28 जून 2022 को ग्राम सरपंच एवं पंचायत द्वारा मिटिंग ग्राम पंचायत भवन में रखा गया था। जिसमें लक्ष्मण यादव, त्रिलोचन यादव, चुरामणी यादव व फुलोबाई एवं सेबोती यादव सभी ग्राम पचांयत में उपस्थित थे। उसी वक्त लक्ष्मण यादव के साथ चुरामणी, त्रिलोचन, फूलो बाई सभी एक राय होकर मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौच करते हुये मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मारपीट करने से प्रार्थी के सिर, चेहरा, ओठ, कमर में चोंट आया था। बता दे कि आरोपी घटना कारित करने के बात फरार हो गये हैं पुलिस ने काफी खोजबीन करने के बाद जब नहीं मिला तो पुलिस ने फरारी में ही चलान न्यायालय में पेस किया था। न्यायालय द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए स्थाई वारंट जारी किया था। आज चौकी प्रभारी मनकुंवर सिदार के मार्गदर्शन में संजय कुमार यादव के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।।

## कार अनियंत्रित होकर पलटी, 4 घायल

**कोरबा** । कोरबा जिले में हुए सड़क हादसे में 4 लोग घायल हुए हैं। वे सभी कार में सवार होकर कोरबा से अंबिकापुर की ओर जा रहे थे। तभी रास्ते में उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक शख्स की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा बांगो थाना क्षेत्र में हुआ है।

जानकारी के मुताबिक कार में सवार होकर कुछ लोग अंबिकापुर की ओर जा रहे थे। वो अभी बिलासपुर.अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोरगा बांसबाड़ी के पास पहुंचे थे। उसी वक्त गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद आस-पास के लोग मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। जिसके चलते यह हादसा हुआ है।


## हिन्दू नववर्ष एवं रामनवमी के लिए भगवामय हुआ शहर

आज निकलेगी बाइक रैली

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



हिन्दू नववर्ष के स्वागत एवं रामनवमीं के लिए धरमजयगढ़ नगर सजकर तैयार है। विगत कई वर्षों से हिंदू नववर्ष के दिन शहर में बाइक रैली निकाली जाती है। वहीं रामनवमी के दिन भव्य शोभायात्रा निकलती है। 22 मार्च को हिंदू नववर्ष के दिन हनुमान विजय मंदिर थाना परिसर धरमजयगढ़ से बाइक रैली निकलेगी। 2 बजे से प्रारंभ यह रैली नगर में भ्रमण करते हुए संध्या अंबेटिकरा मंदिर पहुंचेगी। थाना परिसर मंदिर में सभी एकत्रित होंगे जहां हनुमान जी की पूजा अर्चना के बाद बाइक रैली निकलेगी। दानदाताओं द्वारा हनुमान मंदिर एवं अंबेटिकरा मंदिर में प्रसाद की व्यवस्था की जा रही है। वहीं शोभायात्रा 30 मार्च को राम मंदिर से निकलेगी। नगर के चौक चौराहों को भगवामय किया गया है। वहीं चारों तरफ भगवा ध्वज लगा है। हिंदू नववर्ष एवं रामनवमी को लेकर युवाओं में बड़ा उत्साह दिखाई दे रहा है।




## संगठन की पहल से 1 लाख की आर्थिक सहायता पाकर पीड़ित बच्चों एवं परिजनों ने ली राहत की सांस

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



मध्याह्न भोजन बनाने के दौरान बुरी तरह से झुलसी स्कूली बच्चियों के लिए सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन देवदूत बनकर सामने आया है। जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता की अगुवाई वाली जशपुर जिला की टीम ने जिंदगी और मौत से जूझ रही बेटियों को आर्थिक मदद देकर नयी जिंदगी दी है। अजय गुप्ता ने तीन दिन पहले सभी शिक्षकों से मानवीय आधार पर मदद की अपील की थी। इस अपील का असर इतना गहरा हुआ कि शिक्षकों ने खुदकर मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाये, देखते ही देखते एक लाख के करीब रकम इकट्ठा हो गयी, जिसके बाद सोमवार की दोपहर अजय गुप्ता की अगुवाई वाली टीम ने प्रभावित बच्चों के घर पहुंचकर उन्हे मदद की राशि सौंप दी । शिक्षकों स्कूली बच्चों के प्रति इस संवेदनशीलता ने हर किसी को कायल बना दिया है।

दरअसल प्राथमिक शाला जामटोली विकासखंड कांसाबेल जिला जसपुर में मध्यान भोजन बनाते वक्त तीन स्कूली बच्चे जल गये थे। तीनों बच्चों एवं उनके परिजनों से आज छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक / समग्र शिक्षक जिला जशपुर की टीम ने भेंट की और स्वास्थ्य की स्थिति को जाना।

संगठन ने जख्मी हुई बच्चियों की आर्थिक मदद की मुहिम चलाई थी, जिसमें शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यही नहीं अधिकारियों ने भी इस मुहिम में साथ दिया और सहायक राशि दी। विकासखंड जिला एवं प्रांतीय स्तर से शिक्षकों अंशदान के रूप में सहायता राशि दिया गया। आर्थिक सहयोग के रूप में संगठन के पास 1 लाख रुपया इकट्ठा हुआ। जिसमें से ?60000 कुमारी राखी सिदार को चेक के माध्यम से दिया गया एवं ?30000 आकाश सिदार को एवं ?10000 कुमारी स्वाति को चेक के माध्यम से दिया गया।

पीड़ित के परिजनों को सभी बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य एवं बेहतर शिक्षा के लिए मार्गदर्शन एवं सुझाव दिया गया एवं किसी भी प्रकार के मदद के लिए संगठन हमेशा तत्पर एवं तैयार है इस मौके पर जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, प्रांतीय संगठनमंत्री रीता भगत, जिला सचिव उत्तम कुमार पैंकरा, जिला मीडिया प्रभारी सागर प्रसाद यादव, कांसाबेल विकास खंड अध्यक्ष प्रेमशंकर यादव कार्यकारी अध्यक्ष मेघश्याम सिंह अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ब्लाक इकाई सुमन रवानी जिला उपाध्यक्ष श्री भूपेंद्र खुंटिया ब्लॉक सचिव गुलसागर साय कोषाध्यक्ष बीनू साय पैंकरा उपाध्यक्ष भुनेश्वर यादव व आशा लकड़ा जिला कार्यकारिणी सदस्य शिवकुमारी पैंकरा व शकुंतला चौहान श्यामसुन्दर सोरेन राजेंद्र सिंह मौजूद ।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in